हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 6 जून 2024


तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 27.1 डिग्री


13 आक्सीजोन का सुधर नहीं पाया फौवारा, डेमेज पाइप लाइन ...





13 कचरा प्रबंधन निपटान स्थल का 2 चरणों में होगा निरीक्षण





## NEET रिजल्ट में प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट का जलवा बरकरार : प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट

प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने नीट 2024 में पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक व सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर पूरे प्रदेश व देश में एक अलग पहचान बनाया इस वर्ष भी NEET परीक्षा में राहुल चन्द्रवंशी 688, किशन 685, निखिल 685, अरविन्द प्रजापति 670, कुशलेन्द्र ओझा 668. इसी प्रकार आदित्य राजपूत, कुलदीप, रुचि भारद्वाज, कोहिनूर लीलिमा, स्नेहा, रिसिका साहू, लुप्रिया रॉय, टंकेश सिन्हा, वर्षा बंजारे, कशिश मेश्राम का चयन छत्तीसगढ़ व पूरे देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में दाखिला होने की पूरी संभावनायें हैं।

सभी चयनित छात्रों को संस्था के डायरेक्टर द्वारा बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट के शिक्षकगण अपने माता-पिता व कठिन परिश्रम को दिया। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट में नीट की नई बैच 10 जून से प्रारंभ हो रही है। ड्रापर बैच में डेली 6 घंटे क्लासेस व 3 घंटे डाउट क्लास होगी। हर संडे नीट आधारित टेस्ट ली जायेगी, जिसका परिणाम सोमवार को दी जायेगी। बच्चों को कम्प्लीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, ड्रेस, आई कार्ड दी जायेगी। संस्था में लाइब्रेरी व हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध है। मेघावी, BPL कार्डधारी व आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को फीस में विशेष छूट दी जायेगी। बच्चों को दिल्ली व कोटा के अनुभवी व विषय विशेषज्ञों शिक्षकों द्वारा अध्ययन कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशन क्लासेस भी कराया जाता है, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास जागृत होती है। भिलाई में तीन ब्रांच है। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट, शॉप नं. 58 'A' मार्केट, सेक्टर-10 भिलाई, दूसरा शॉप नं. 178/179 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई व तीसरा शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर भिलाई में है। मो. नं. - 83195-71812, 78801-68887.



RAHUL CHANDRAVANSHI 688/720



KAUSHLENDRA OJHA 668/720



NIKHIL 685/720

छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाली संस्था प्राइम केरियर इंस्टीट्यूट

Advt.


## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मी की जान बचाने वाले का सम्मान



**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मी को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने वाले युवक का एसएसपी संतोष सिंह ने सम्मान किया है। उल्लेखनीय है कि 23-24 मई की दरमियानी रात खमतराई थाना में पदस्थ हेड कांस्टेबल शंभूनाथ सिंह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर पड़े थे। इसी दौरान दूध बेचकर लौट रहे राजा यादव ने शंभूनाथ को वर्दी में सड़क किनारे घायल पड़े देखा। इस पर राजा ने अपनी दोपहिया पर शंभूनाथ को उपचार कराने आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया।

### काउंसिलिग में मारपीट

**रायपुर।** कोतवाली थाना में एक युवती के पिता ने अपने दामाद तथा उसके भाई के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बैजनाथपारा निवासी फिरोज अली ने माज गनी, आयाज गनी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। फिरोज ने पुलिस को बताया है कि उसकी बेटी का माज गनी के साथ निकाह हुआ था। पारिवारिक विवाद के चलते माज ने उसकी बेटी की छोटी बच्ची को अपने साथ रखकर उसे घर से निकाल दिया। इस बात को लेकर उनकी महिला थाने में काउंसिलिंग थी।

### वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में 25 में 23 प्रत्याशी बचा नहीं पाए थे जमानत


# रायपुर में 36 प्रत्याशी बचा नहीं पाए जमानत दर्जनभर उम्मीदवार को 500 वोट भी नहीं मिले

### कांग्रेस से विकास उपाध्याय ही अपनी जमानत बचा पाने में कामयाब रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव के परिणाम से एक बार फिर साबित हो गया कि नगरीय निकाय और विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा का चुनाव लड़ना किसी भी प्रत्याशी के लिए आसान नहीं है। लोकसभा चुनाव में प्रमुख राष्ट्रीय स्तर के कुछ राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को छोड़कर ज्यादातर प्रत्याशियों की जमानत तक जब्त हो जाती है। रायपुर लोकसभा सीट के लिए हुए चुनाव का परिणाम भी ऐसा ही देखने को मिला। इस सीट से 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। इसमें से भाजपा के निर्वाचित प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के अलावा हारे 37 प्रत्याशियों में कांग्रेस से विकास उपाध्याय ही अपनी जमानत बचा पाने में कामयाब रहे, जबकि अन्य सभी 36 प्रत्याशी अपनी जमानत बचा नहीं पाए।

- प्रत्येक प्रत्याशी को संसदीय क्षेत्र के कुल वोटों का 1/6 भाग यानी लगभग 16.66 प्रतिशत वोट पाना होता है



### 12 प्रत्याशी 500 वोटों का आंकड़ा भी नहीं कर पाए हासिल

लोकसभा चुनाव 2024 में रायपुर सीट से जितने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशी नहीं उतरे थे, उससे ज्यादा गैर राजनीतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशी मैदान पर थे। इनमें से कुछ को छोड़कर सभी प्रत्याशी जीत का दावा कर मैदान पर उतरे थे, लेकिन चुनाव के परिणाम ने प्रत्याशियों की जीत का दावा की भी पोल खोल दी। चुनाव में 12 प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनके पक्ष में 500 वोट भी नहीं पड़े, जबकि इन्हें मिलाकर 20 प्रत्याशी एक हजार वोट का आंकड़ा भी छू नहीं पाए हैं। इसी प्रकार 5 प्रत्याशी को 1 से 2 हजार के बीच, 4 प्रत्याशी को 2 से 3 हजार के बीच तथा 2 प्रत्याशी को 8 से 10 हजार के बीच वोट मिले हैं।

### जब्त होगी राशि

*लोकसभा चुनाव 2024 में 38 में से 36 प्रत्याशी जमानत नहीं बचा पाए। इनकी जमानत राशि जब्त होगी। निर्वाचित भाजपा और हारे में कांग्रेस प्रत्याशी को लौटाई जाएगी जमानत राशि।*

*- उमाशंकर बंदे*
*जिला उप निर्वाचन अधिकारी*

### जमानत बचाने क्या है नियम

निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार चुनाव में प्रत्येक प्रत्याशी को संसदीय क्षेत्र के कुल वोटों का 1/6 भाग यानी लगभग 16.66 प्रतिशत वोट पाना होता है। इस प्रतिशत से एक भी वोट कम पाने वाले प्रत्याशी की जमानत राशि जब्त कर ली जाती है।

### पिछले चुनाव में 25 में 23 की जमानत हुई थी जब्त

लोकसभा चुनाव 2019 में भी भाजपा से निर्वाचित हुए सुनील सोनी के अलावा हारे प्रत्याशी में कांग्रेस से प्रमोद दुबे ही अपनी जमानत राशि बचा पाए थे, जबकि इस चुनाव में 25 प्रत्याशी मैदान पर थे। इस तरह 23 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी।

### सात लाख से ज्यादा की कमाई

रायपुर लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने साथ प्रत्याशियों ने जमानत राशि भी जमा कराई थी। यह राशि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए साढ़े 12 हजार रुपये तथा अन्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये थी। इस चुनाव में 36 प्रत्याशी अपनी जमानत बचा नहीं पाए, जिनकी कुल राशि 7 लाख रुपये से अधिक है। यह राशि अब हारे प्रत्याशियों को लौटाई नहीं जाएगी। या यूं कहें कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार संसदीय क्षेत्र के कुल वोटों की तुलना में निर्धारित प्रतिशत वोट नहीं मिलने के कारण हारे प्रत्याशियों की जमानत राशि प्रशासन जब्त कर ली जाएगी। इस राशि का उपयोग अब प्रशासन करेगा। निर्वाचित प्रत्याशी भाजपा के अलावा जमानत बचा पाने में कामयाब रहे कांग्रेस प्रत्याशी को राशि लौटाई जाएगी।

# रानू, सौम्या 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर पुनः जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की सौम्या चौरसिया से पूछताछ करने ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट से रिमांड हासिल की थी, जिन्हें पूछताछ के बाद बुधवार को पुनः कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को 14 दिनों के लिए 18 जून तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। इसी तरह ईडी ने भी ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए शराब घोटाला के आरोपियों को अरेस्ट कर पूछताछ करने कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। इस पर कोर्ट में 10 जून को सुनवाई होगी।

गौरतललब है कि ईडी के प्रतिवेदन पर ईओडब्लू माइनिंग घोटाला मामले में अलग से एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। माइनिंग घोटाले के आरोपियों से ईओडब्लू की टीम जेल में पूर्व में दो बार पूछताछ कर चुकी है। इसके बाद ईओडब्लू सौम्या, रानू के बाद निलंबित आईएएस समीर विश्नोई तथा कारोबारी सूर्यकांत को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सूर्यकांत तथा समीर विश्नोई 10 जून तक ईओडब्लू की रिमांड पर हैं।

*शराब घोटाला मामले में अनवर, अरविंद, त्रिलोक, एपी की प्रोटक्शन वारंट पर सुनवाई 10 जून को*

*सूर्यकांत तथा समीर विश्नोई 10 जून तक ईओडब्लू की रिमांड पर*

### इनकी सुनवाई तिथि आगे बढ़ी

शराब घोटाला के किंग पीन अनवर ढेबर, आबकारी विभाग के पूर्व एमडी अरुण पति त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह ढिल्लन तथा अरविंद सिंह वर्तमान में जेल में बंद हैं। इनके खिलाफ भी ईओडब्लू ने अपराध दर्ज किया है, जो वर्तमान में जेल में बंद हैं। इन चारों आरोपियों के खिलाफ ईडी ने प्रोटक्शन वारंट हासिल करने स्पेशल कोर्ट में अर्जी दाखिल की है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इनकी बुधवार को कोर्ट में सुनवाई होनी थी, मामले की सुनवाई अब 10 जून को होगी। ईओडब्लू के वकील के मुताबिक प्रोटक्शन वारंट के बाद चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके बाद कोर्ट में आवेदन पेश कर इनकी गिरफ्तारी कर पूछताछ करने रिमांड के लिए आवेदन लगाया जाएगा।

### सूने मकान में दो लाख की चोरी

**रायपुर।** खमतराई में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी सहित दो लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गोंदवारा निवासी साकेत गुप्ता ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। साकेत ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी मायका मध्यप्रदेश, शिवनी गई है। साकेत किसी काम से बिलासपुर गया था।

तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी

## देर रात माना में एक, राजधानी में आधा सेंटीमीटर हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्री-मानसून की शुरुआत के बाद राज्य में कहीं ना कहीं वर्षा की गतिविधि जारी है। मंगल-बुध की दरम्यानी देर रात माना में एक सेमी. तथा राजधानी में आधा सेमी. तक बारिश हुई। अभी तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जाएगी, वैसे ही वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से बेचैनी बढ़ेगी।

मानसून की गति पिछले चौबीस घंटे में थोड़ी धीमी हो गई है, जिसकी वजह से उसके छत्तीसगढ़ पहुंचने की तारीख थोड़ी ऊपर-नीचे हो सकती है। अभी राज्य में प्री-मानसून की वर्षा हो रही है और बस्तर में यह काफी मात्रा में बरस रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में ओरछा और कबीरधाम में पांच सेमी. तक वर्षा हुई है। मुंगेली और दरभा में बारिश की मात्रा तीन सेमी. तथा अन्य कई इलाकों में दो से एक सेमी. और बूंदाबांदी की स्थिति बनी रही। शहर में आज दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जो सामान्य स्थिति में था, मगर दोपहर के वक्त धूप के तेज होने का अहसास होता रहा। राज्य में अधिकतम तापमान अभी 39 से 42 डिग्री के बीच रिकार्ड किया जा रहा है और नवतपा की समाप्ति के बाद यहां लू का दौर भी खत्म हो गया है। अगले चौबीस घंटे में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने और तापमान 40-41 के पास रहने की संभावना है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


# दिव्यांगों के खाली पदों के लिए चलेगा भर्ती अभियान

### सामान्य प्रशासन ने सभी विभागों को जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों, निगम, मंडल, आयोग और प्राधिकरणों में दिव्यांग लोगों के आरक्षित एवं खाली पदों को जल्द भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने का निर्देश दिया है। खास बात ये है कि सरकार ने ये भी साफ किया है कि इन पदों पर भर्ती के लिए अब वित्त विभाग की अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में शासन के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व ▶▶ शेष पेज 14 पर

- इन पदों पर नियुक्ति के लिए वित्त की अनुमति जरूरी नहीं



### अब दिया है ये निर्देश

*सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में सभी सरकारी विभागों से कहा गया है कि शासन के सभी विभागों एवं उनके अधीनस्थ कार्यालय, निगम, मंडल, प्राधिकरणों में दिव्यांगजनों के लिए सीधी भर्ती के पदों में प्रतिवर्ष होने वाली कुल रिक्तियों के आधार पर दिव्यांगजनों के लिए बैकलॉग की गणना करते हुए रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान तुरंत शुरू करने दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों के विरुद्ध खाली एवं भरे गए पदों की अपडेटेड जानकारी समय समय पर समाज कल्याण विभाग को दी जाए।*

### वित्त की अनुमति जरूरी नहीं

*छत्तीसगढ़ सरकार ने कुछ समय पहले एक आदेश जारी कर कहा था कि किसी भी विभाग में सीधी भर्ती के पदों पर भर्ती करने से पहले सरकार के वित्त विभाग से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है, लेकिन दिव्यांगों के मामले में इस प्रावधान को 31 मार्च 2025 तक के लिए समाप्त कर दिया है। ताजा आदेश में कहा गया है कि दिव्यांगजनों के लिए खाली पदों पर बैकलॉग की पूर्ति के लिए विभागों द्वारा विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियों के लिए वित्त विभाग की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी।*

# रेलवे स्टेशन में पार्किंग ठेकेदार के गुर्गों की नहीं थम रही गुंडागर्दी, मारपीट में युवक के कान का पर्दा फटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलवे स्टेशन में पार्किंग ठेकेदार के गुर्गों द्वारा जबरन वसूली से लेकर मारपीट करने की घटना आम है। पार्किंग ठेकेदार के गुर्गों द्वारा आए दिन मारपीट करने के साथ जबरन वसूली की शिकायतें आती रहती हैं। ऐसे ही एक मामले में पार्किंग ठेकेदार के गुर्गों ने दो दिन पहले एक युवक की बुरी तरह पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में युवक के कान का पर्दा फट गया है। युवक की शिकायत पर जीआरपी ने मारपीट करने वाले लड़कों के खिलाफ आपीसी की धारा 294, 323 तथा 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। जीआरपी के मुताबिक हेमंत सिन्हा ने सरफराज नवाज, गोल्डी तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। हेमंत ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार देर रात अपने एक साथी के साथ देवेंद्र नगर एक्सप्रेस वे होते हुए रेलवे स्टेशन में खाना खाने के लिए गया था। स्टेशन परिसर में दाखिल होने के पहले हेमंत ने पार्किंग की पर्ची कटवाई। हेमंत के अनुसार पर्ची कटवाने के बाद वह अपनी बाइक लेकर स्टेशन परिसर में दाखिल हो रहा था। इसी दौरान सरफराज तथा उसके साथियों ने उसे रोक लिया और उसकी बाइक की चाबी छीन कर उसे पार्किंग के पीछे ले गए और बगैर किसी कारण उसके साथ मारपीट की।

हेमंत के अनुसार मारपीट की घटना में उसके बाएं कान का पर्दा फट गया है।

- पार्किंग की पर्ची कटाने के बाद भी युवक के साथ की मारपीट



### रिपोर्ट करने पर दी धमकी

*हेमंत के अनुसार किसी तरह बदमाशों के चंगुल से बचकर छिपते हुए जीआरपी पहुंचा और अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इस पर जीआरपी ने हेमंत की शिकायत पर अपराध दर्ज किया। जीआरपी में शिकायत दर्ज होने की जानकारी मिलने पर बदमाशों ने हेमंत को कोर्ट में चालान पेश होने के समय देख लेने की धमकी दी है।*

*राज्य की सभी जेलों में बंदियों को 25 की*

# जेल के बंदी बनेंगे माली, परीक्षा के बाद मिलेगा प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जेल में बंदियों को जेल से छूटने के बाद स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत माली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। माली का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बंदियों की इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय लिखित के साथ प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा में पास होने वाले बंदियों को भारतीय कृषि कौशल परिषद दिल्ली कौशल प्रमाणपत्र जारी करेगी। बंदियों को कृषि विश्वविद्यालय तथा राज्य के 27 जिलों में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। रायपुर सेंट्रल जेल सुपरिटेंडेंट अमित शांडिल्य के मुताबिक जेल में बंदियों को रोजगार उपलब्ध हो सके, इस बात को ध्यान में रखते हुए ▶▶ शेष पेज 14 पर

- संख्या में 25 दिनों का दिया जा रहा प्रशिक्षण



### मिलेगी नौकरी में प्राथमिकता

माली का प्रशिक्षण देने का उद्देश्य बंदियों के जेल से छूटने के बाद उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है। जेल अफसरों के मुताबिक माली का प्रशिक्षण पाने वाले बंदियों को सरकारी माली बनने प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बंदी अपना स्वयं का नर्सरी का काम कर सकते हैं या फिर निजी क्षेत्र में माली का काम कर सकते हैं।





रायपुर लोकसभा में
विजय का जयघोष
छ.ग. पी.डी.एस. संघ रायपुर
की ओर से
रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी
मा. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
को एतिहासिक मतो से
विजयश्री हासिल करने पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
नरेश बाफना
अध्यक्ष, छ.ग. पी.डी.एस. संचालक संघ
रायपुर
जितेन्द्र गोलछा
जिला कार्यालय मंत्री, भाजपा रायपुर जिला
विनीत: दीपक अग्रवाल, तनवीर शेख, रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव कल

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दरबार के महंत अम्मा मीरा देवी के मार्गदर्शन में होगा। इस कार्यक्रम में रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, चकरभाटा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई से 11 धाम से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। इसी दौरान सुबह 11 बजे अखंड धुनी पाठ साहब शुरू होगा। इसके बाद आरती, सत्संग, कीर्तन शाम 5 बजे महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, सुशील केशवानी, पवन प्रितवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

### नहीं चली टाटा इतवारी पैसेंजर

**रायपुर।** टाटानगर से इतवारी के बीच आवाजाही करने वाली पैसेंजर और टाटा-बिलासपुर-टाटनगर एक्सप्रेस के रद्द रहने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चक्रधरपुर रेल मंडल के बीच कांसबहाल-राजगंगपुर सेक्शन में एनएचएस लॉचिंग की वजह से ब्लाक लिया गया है। इस कार्य के चलते बुधवार को हावड़ा से सीएसएमटी जाने वाली दुरन्तो एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से सात घंटे विलंब से रवाना हुई। आरा-दुर्ग के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस आवाजाही के दौरान राउरकेला-दुर्ग के मध्य रद्द रही।

### जामुल सीमेंट प्लांट में हुई हत्या मामले में सीएचपी प्रमुख गिरफ्तार

**रायपुर।** भिलाई के एचओडी हत्या कांड मामले में पुलिस ने इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सीमेंट प्लांट जामुल के भीतर एचओडी आर. बाला राजू खुन से सना मिला था। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। बालराजू के हत्या करने वाले की तलाश में पुलिस जुटी रही। प्लांट का कर्मी हरीशचंद वर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के तुरंत बाद सीएचपी का प्रमुख संजय तिवारी उसके पास आकर शर्ट में लगे दाग को मिटाने लगा। मृतक आर. बाला राजू ने कोल्ड हेंडलिंग प्लाट मे ब्रिफिंग करने के बाद और पावर प्लाट पहुँचने के बीच संदेही संजय तिवारी मौजूद नहीं था। मृतक आर. बाला राजु के साथ ही आरोपी संजय तिवारी भी सी.एच.पी. से निकलने की जानकारी गवाह ने पुलिस को दिया। गेट रजिस्टर भी जांच की गई। जिसमें आरोपी संजय तिवारी लंच के लिये अपने घर जाकर कपड़े बदल आया था।

# आक्सीजोन का सुधर नहीं पाया फौवारा, डेमेज पाइप लाइन को सुधारने चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईएसी कालोनी की 29 एकड़ जमीन पर विकसित आक्सीजोन में लगा फौवारा किसी काम का नहीं रहा। मरम्मत कराने बाद भी इसे सुधारा नहीं जा सका। रायपुर स्मार्ट सिटी अब वहां सामान्य रूप से चलने वाला नया फौवारा लगवायेगी। पौधों को सूखने से बचाने के लिए ड्रिप एरीगेशन वाली पाइप लाइन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के बाद इसे बदलने का काम अनुबंधित एजेंसी ने शुरू कराया है। परिसर बनाये गये कृत्रिम तालाब की एक अरसे बाद सफाई कराई गई है।

■ 15 जून के बाद होगा 300 पौधों का रोपण

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 1 करोड़ 39 लाख में दिया ठेका

### लाइटिंग, फ्लोरिंग और पौधारोपण का काम बाकी

आक्सीजोन के कई हिस्सों लगाई गई लाइटें बंद पड़ी हैं। इसे सुधारने और अलग-अलग एरिया में नई लाइटें लगाने का काम अभी बाकी है। बगीचे के अंदर वाले हिस्से में फ्लोरिंग का काम अभी नहीं हो पाया है। इसे जल्द शुरू कराया जायेगा। सौंदर्यीकरण के बाकी काम को पूरा करने 15 दिन की समय सीमा अनुबंधित एजेंसी को दी गई है।



### 15 जून के बाद 300 पौधों का रोपण

वन विकास द्वारा विकसित शहर के सबसे बड़े आक्सीजोन में रंग-बिरंगे फूलदार पौधों की कमी को देखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 15 जून के बाद अलग-अलग प्रजाति के 300 फूलदार पौधों का रोपण किया जायेगा, ताकि आक्सीजोन की सुंदरता बढ़ सके। इस परिसर में आम, इमली, नीम, बरगद, पीपल सहित बड़ी संख्या में पुराने पेड़ संरक्षित हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने आक्सीजोन परिसर के सौंदर्यीकरण कराने रायपुर की एजेंसी को 1 करोड़ 39 लाख में ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी ने परिसर में 3 बंद पड़े टायलेट की कराते हुए इसे उपयोग के लायक बनाया है। इसके अलावा 1 नया टायलेट का निर्माण कराया जा रहा है। अभी तक इस परिसर में बच्चों के लिए खेलकूद व मनोरंजन की सुविधा नहीं थी। इसे ध्यान में रखते हुए वहां चिल्ड्रन प्ले एरिया विकसित किया जा रहा है, जहां आकर्षक झूले, फिसलपट्टी लगाये गये हैं।

आक्सीजोन में सुबह-शाम आने-जाने वालों की सेहतमंदी के लिए एक्सरसाइज के इक्वीपमेंट लगाने का काम किया जा रहा है। रंगरोगन से लेकर पाथवे बनाने का काम पूरा हो गया है।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का 20 करोड़ का प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं

# आधा दर्जन तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पिछड़ा, 3 माह और लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के आधा दर्जन तालाबों में पहुंच रहे नालियों के गंदा पानी को साफ करने 3 जगहों पर बनाये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पिछड़ गया है। इस काम को पूरा होने में अभी 3 माह का समय और लगेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने टिकरापारा के नरैया तालाब, पुरानी बस्ती के खोखो और महाराजबंद तालाब में एसटीपी निर्माण के लिए पुणे की समृद्धि एजेंसी को 20 करोड़ में ठेका दिया है। ठेका एजेंसी 2 साल में भी यह काम पूरा नहीं कर पाई।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर के तालाबों के जलस्तर में वृद्धि करने और तालाब में मिल रहे नालियों के गंदे पानी को उपचारित कर दोबारा उपयोग लायक बनाने 20 करोड़ की लागत से नरैया तालाब, खोखो तालाब और महाराजबंद तालाब में 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। 2 साल पूर्व इस कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर रायपुर स्मार्ट सिटी ने पुणे की समृद्धि वाटर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया, पर अनुबंधित एजेंसी द्वारा काम में लेटलतीफी की वजह से एसटीपी निर्माण का काम अधूरा पड़ा है।

### महाराजबंद तालाब किनारे एसटीपी निर्माण अधूरा, और 3 माह लगेंगे

महाराजबंद तालाब में 3 नालों का गंदा पानी साफ कर तालाब में छोड़ने 10 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। तालाब में वीरभद्रनगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाला नाले का पानी सीधे तालाब में बहकर जा रहा है। इस गंदे पानी को उपचारित करने 3 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। इसके बनने से रोजाना 30 लाख लीटर गंदा पानी महाराजबंद में नहीं घुलेगा। एसटीपी निर्माण में 90 फीसदी सिविल वर्क पूरा हुआ है। इसमें इनलेक चैंबर, ग्रीड चैंबर बोरवेल और क्लीनर वाटर टैंक निर्माण हुआ है। प्रशासनिक बिल्डिंग निर्माण कार्य इस समय चल रहा है। मेकैनिकल वर्क अब तक शुरू नहीं हो पाया। एसटीपी निर्माण स्थल पर भारी मात्रा में नालियों का गंदा पानी जमा हुआ है। इससे तालाब के आसपास भारी दुर्गन्ध उठ रही है।



### नरैया तालाब में एसटीपी निर्माण का काम सुस्त, मानिटरिंग कमजोर

नरैया तालाब से लगे 3 तालाबों में पुलिस लाइन क्षेत्र का गंदा पानी सीधे तालाब में मिल रहा है। इससे तालाब का पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है। यहां 1 एमएलडी के एसटीपी स्थापित करने का काम बेहद सुस्त गति से चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार के लेबर ज्यादातर स्पॉट पर नदारद रहते हैं। स्मार्ट सिटी के अधिकारी प्रोजेक्ट की मानिटरिंग में ध्यान नहीं दे रहे। इसकी वजह से निर्माण कार्य आधा-अधूरा हो पाया है। आउटर वॉल बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। साइट पर बड़े साइज की चट्टान को हटाने मशीन लगाई जायेगी। साइट क्लीयर होने के बाद इस जगह पर बिजली का ट्रांसफार्मर लगेगा। पोलिस लाइन जनता कालोनी वाले स्पॉट पर आरसीसी वर्क कराया जा रहा है।



### खोखो तालाब में गंदा पानी जाने से रोकने बन रहा एसटीपी

नगर निगम जोन 5 क्षेत्र के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के खोखो तालाब, बंधवा तालाब और पहलदवा तालाब में जल स्तर बढ़ाने और इन तालाबों में आसपास की नालियों का गंदा पानी सीधे जाने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य चल रहा है। मई 2024 तक एसटीपी निर्माण की समय सीमा तय है, पर निर्माण स्थल पर काम आधा-अधूरा हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक मजदूरों की कमी से काम प्रभावित हुआ है।



### 3 महीने का समय और लगेगा

महाराजबंद, नरैया तालाब और खोखो तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का काम पूरा करने में अभी 3 माह और लगेगा। 20 करोड़ की लागत से 3 जगहों पर एसटीपी स्थापित करने का काम चल रहा है।

*- अमित मिश्रा, प्रोजेक्ट प्रभारी, एसटीपी प्रोजेक्ट,रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

## बाइक में तीन सवारी स्टंट, युवक पर जुर्माना



**रायपुर।** सोशल मीडिया में रील बनाने युवा कोई भी हद पार कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में सोशल मीडिया में बाइक सवार तीन लड़कों द्वारा स्टंट करने का वीडियो वायरल होने को एसएसपी संतोष सिंह ने गंभीरता से लेते हुए स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक से स्टंट करने पर बाइक मालिक अभय साहू के खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए साढ़े पांच हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है।

## बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानका थाने की पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दऊवा साहू की शिकायत पर राकेश चंदेल को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। दऊवा ने पुलिस को बताया है, वह देशी शराब दुकान में शराब लेने के लिए गया था। इसी दौरान नजरें बचाकर राकेश उसकी बाइक चोरी कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने राकेश को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पकड़ा है।




## एमआईसी की बैठक 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




रायपुर नगर निगम के मेयर इन काउंसिल की बैठक 10 जून को गांधी सदन के एमआईसी सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में होने जा रही इस बैठक में दस जोन से प्राप्त पेंशन प्रकरण, 10 ई बस खरीदी के लिए रेट एप्रूवल सहित जनहित से जुड़े अन्य प्रस्तावों पर चर्चा होगी। 4 माह बाद होने जा रही एमआईसी की बैठक के लिए भारसाधक सदस्यों से विभागवार एजेंडे मंगाये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक शहर में अमृत मिशन और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के पायलट प्रोजेक्ट के तहत लोगों के घरों में लगाये जा रहे स्वचालित वाटर मीटर का जल शुल्क तय करने संबंधी प्रस्ताव भी एमआईसी में रखा जा सकता है।

■ विभागों से मंगाए जनहित से जुड़े प्रस्ताव

## पूरक की जगह साल में दो बार परीक्षाएं, माशिम ने मंगाई दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कुछ दिनों पूर्व वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित किए जाने का निर्णय बीते दिनों लिया गया था। अब इससे संबंधित नियमों का राजपत्र में प्रकाशन किया गया है। मंडल द्वारा इस पर 9 जून तक दावा आपत्ति मंगाई गई है। सुझाव भी इस दौरान मंडल को दिए जा सकेंगे। माशिम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद दावा आपत्ति अथवा सुझाव पर किसी तरह का कोई विचार नहीं किया जा सकेगा। हालांकि अब तक मंडल द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि दो बार होने वाली परीक्षा संबंधित प्रावधान मौजूदा सत्र से ही लागू किए जाएंगे अथवा अगले शैक्षणिक सत्र से इसे अपनाया जाएगा। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, मंडल में इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

■ राजपत्र में किया गया प्रकाशन, पूरक के स्थान पर होगी द्वितीय परीक्षा



### जून के तीसरे सप्ताह में होगी परीक्षा

राजपत्र में प्रकाशित सूचना में कहा गया है कि पूरक परीक्षाओं के स्थान पर वर्ष में दो बार परीक्षाएं होंगी। प्रथम मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल में होगी, जबकि द्वितीय परीक्षा जून के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ होगी। जो छात्र मुख्य परीक्षाओं में फेल हो चुके हैं अथवा अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। दोनों ही परीक्षाओं के लिए आवेदन भरना अनिवार्य होगा। दूसरी परीक्षा में बैठने के लिए वे ही छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने पहली परीक्षा दिलाई हो। प्रथम मुख्य परीक्षा की तरह द्वितीय परीक्षा के प्रश्नपत्र भी तीन सेट में तैयार किए जाएंगे। माशिम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में भी इससे संबंधित सूचना अपलोड कर दी है।

**बारिश आने के पहले कम हुए विमान यात्री** : रायपुर। बारिश आने से पहले ही हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्य कम होने लगी है। छुट्टियों का अंतिम दौर चलने की वजह से घूमने-फिरने बाहर गए यात्री वापस लौट चुके हैं। अब सफर करने वालों में आवश्यक कार्य के लिए दूसरे शहर जाने वाले लोग शामिल है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक बीते सप्ताह 45334 यात्रियों ने आवाजाही की जो पूर्व सप्ताह की तुलना में 1.10 प्रतिशत कम है।

# कचरा प्रबंधन निपटान स्थल का 2 चरणों में होगा निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन एवं निपटान स्थल का संयुक्त समिति के सदस्यों द्वारा स्थल निरीक्षण किया जायेगा। यह निरीक्षण 2 चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण का स्थल निरीक्षण 11 से 14 जून को प्रस्तावित किया गया है। इसमें कचरा छंटाई के बाद की स्थिति, सड़क सफाई, नाली सफाई, सार्वजनिक स्थानों की सफाई और शहर में उत्पन्न कूड़े के परिवहन और निष्पादन का कार्य देखा जायेगा। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट और उपचारित जल के दोबारा उपयोग के संबंध में शहर में हो रहे कार्यों को परखा जायेगा।

■ प्रथम चरण में कचरा छंटाई, सड़क और नाली सफाई का कार्य देखेंगे

गांधी सदन में बुधवार को संभागीय संयुक्त संचालक पीबी काशी ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देश पर संयुक्त समिति के सदस्यों द्वारा 11 से 14 जून तक रायपुर नगर निगम क्षेत्र में प्रथम चरण में कचरा प्रबंधन एवं निपटान स्थल का निरीक्षण किया जायेगा। इस संबंध में आवश्यक तैयारियों की जानकारी लेकर समीक्षा की गई।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में दस जोन के कमिश्नर, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडू, अमृत मिशन के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा, रामकी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड योगेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1859 दिनांक 15.03.2012 के द्वारा नया रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी.- 11/62, को श्री मोहम्मद नासिर मेमन पिता श्री अब्दुल गफ्फार, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 17.10.2014 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री मोहम्मद नासिर मेमन पिता श्री अब्दुल गफ्फार, निवासीः- मजिस्द रोड, अस्पताल के पास, वार्ड नं. 04, खैरागढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री बिनय कुमार साहू पिता श्री बिप्र चरण साहू निवासी पी3बी-17 सेक्टर-27 नया रायपुर अटल नगर, थाना राखी, तहसील- आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः नया रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी- 11/62 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18 तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24/05/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.नं. 80, रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक श्रीमती सोनारिन बाई पिता शिवचारण निवासी ग्राम माना बस्ती रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 942/2, 943/6, 1142/3 रकबा 0.0380 हे., 0.0050 हे., 0.0070 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. / वाचक/अति. तह. अ-12 वर्ष 2024 आदेश दिनांक 19/04/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 18/06/2024 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**//आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेतागण लता सेन पति स्व. श्री घनश्याम सेन, एवं लक्ष्मी पटेल पति श्री शंकर पटेल दोनों निवासी- माना बस्ती जिला रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्री किशोर कुमार अग्रवाल पिता श्री कृष्णा कुमार अग्रवाल, निवासी भैसथान, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम-माना (4407262) माना बस्ती, माना से भटगांव जाने के रास्ते में डामर रोड़ से लगा प्लाट, प.ह.नं. 00080, रा.नि.मं.-रायपुर-18-कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 500/1 का भाग, कुल रकबा 0.0598 हेक्ट. में से रकबा-64x25=1600 वर्गफुट भूमि को क्रेतागण द्वारा विक्रेता से क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम राशि अदा कर दी गई है एवं शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है । अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा । सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. (गीतेश कुमार बैस)
दिनांक 05/06/2024 अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो.नं. 98274-62029




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133



**खबर संक्षेप**

## तीन दिवसीय राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन कल से

**रायपुर।** लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में तीन दिवसीय 7 से 9 जून तक राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के क्षणिक बौधिक एवं सामाजिक ज्ञान के माध्यम से उनका व्यक्तित्व विकसित करना है, इसके अंतर्गत सामाजिक आर्थिक विकास, इत्यादि विषय पर विचार प्रस्तुतिकरण, परस्पर चर्चा, कैरियर मार्गदर्शन तथा रोजगारमूलक प्रशिक्षण संबंधित कार्यक्रम होंगे। इस सम्मेलन में राज्य के लगभग 200 सामाजिक प्रतिभागी शामिल होंगे। निशुल्क भागीदारी युवा सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निशुल्क रहेगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि पहले दिन के शुक्रवार को समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र सेरीखेंड़ी मंदिर हसौद में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, संयुक्त आयुक्त अमरपाल लोधी, पूर्व प्रभारी कुलपति डा. सत्येंद्र सेंगर, संचालक डा. अवधेश पटेल, सहायक प्राध्यापक डा. राकेश चंदेल शामिल होंगे।

## देश में मजबूत सरकार और मजबूत विपक्ष होगा : अमित

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव परिणाम पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश



के सबसे बड़े आम चुनाव लोकसभा चुनाव-2024 का परिणाम मंगलवार को देश के सामने आया है। हम जनादेश का स्वागत करते हैं। अब देश को एक मजबूत सरकार के साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी मिलेगा, जो लोकतंत्र के लिए अत्यावश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि भारत में गंगा-जमुनी तहजीब है, वसुदेव कुटुंबकम की परंपरा है, अनेकता में एकता भारत की असली ताकत है। श्री जोगी ने कहा, यहां नफरत की राजनीति नहीं चल सकती, प्रेम, स्नेह और भाईचारा भारत की पहचान है।

## वृंदावन हॉल में विद्यार्थियों का किया सम्मान



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गत दिनों धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम रायपुर के सहयोग से करियर काउंसलिंग एवं प्रतिभावन सम्मान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 9वीं से 12वी के होनहार विद्यार्थियों के अलावा ऐसे विद्यार्थी जिसने खेलकूद एवं गीत संगीत के माध्यम से जिला या राज्य में समाज का नाम रौशन किया, उन 201 विद्यार्थियों को धीवर समाज युवा प्रकोष्ठ एवं आईटी टीम द्वारा प्रशस्ति स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सही दिशा-निर्देशन के लिए कैरियर काउंसिलिंग का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें काउंसलर के रूप में काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरंडकर, अजित सिंह जाट, लोक शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक बीआर साहू परसदा अभनपुर ने बच्चों को उचित शिक्षा के साथ-साथ जीवन में आने वाली कठिन का सामना करने का मार्गदर्शन प्रदान किए। कार्यक्रम में सुरेश धीवर, पवन धीवर, रामलाल पंडरिया, मनोज बाघमार, जनकू धीवर, नरेंद्र धीवर, महेशरु धीवर सहित आईटी टीम के पूरे सदस्य उपस्थित रहे।

## पेंशनधारियों का हो रहा है सत्यापन

**भिलाई।** नपानिभि क्षेत्र में 80 वर्ष से अधिक उम्र के सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धा पेंशन प्राप्त कर रहे है। उनके सत्यापन के लिए ननिभि के जोन सुपरवाईजर, शहरी आजीविका मिशन की सीईओ एवं आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता घर-घर जाकर परीक्षण कर रही है। संबंधित सभी 1711 हितग्राहियों के खाते में पेशन डीबीटी के माध्यम से एकाउन्ट बेस पे जा रहा है।

# चुनाव परिणाम के बाद 45 दिन तक याचिका टाइम, तब तक ईवीएम मशीनें व पोस्टल बैलेट स्ट्रांगरूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित हो चुका है, लेकिन जिला प्रशासन की जिम्मेदारी अभी खत्म नहीं हुई है। मतगणना से असंतुष्ट कोई भी प्रत्याशी या राजनीतिक दल की ओर से ईवीएम मशीनों में छेड़छाड़, किसी बूथ में संभावना से कम वोट मिलने या अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका होने पर कोर्ट में याचिका लगा सकता है। इसके लिए उनके पास सिर्फ 45 दिनों का समय रहेगा। इन 45 दिनों तक सभी ईवीएम मशीन और डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखा जाता है। प्रशासन ने याचिका टाइम तक के लिए सभी ईवीएम मशीनों व डाकमत पत्रों को सेजबहार स्ट्रांग रूम में रखकर सीलबंद कर दिया है।

## ईवीएम में छेड़छाड़ या गड़बड़ी की आशंका पर प्रत्याशी या राजनीतिक दल याचिका टाइम तक लगा पाएंगे कोर्ट में याचिका

### याचिका नहीं लगाने की स्थिति में खोली जाएगी सील

इन मशीनों को अब याचिका टाइम खत्म होने के 45 दिन के बाद ही स्ट्रांगरूम से निकाला जा सकेगा। इसके बाद ही मशीनों का डाटा क्लीयर किया जाएगा, लेकिन मशीनों को स्ट्रांगरूम से निकालने से पहले प्रशासन को कोर्ट से ईवीएम मशीनों को लेकर कहीं कोई याचिका लगी तो नहीं, इस संबंध में जानकारी लेनी होगी। इस बीच अगर एक भी याचिका लगाई जाती है, तो ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में तब तक सुरक्षित रखा जाएगा, जब तक याचिका पर कोई फैसला नहीं आ जाता है।



### याचिका टाइम तक सुरक्षित रखा गया

चुनाव का परिणाम के बाद 45 दिनों तक सभी ईवीएम मशीनों व डाकमत पत्रों को सुरक्षित सेजबहार स्ट्रांग में सीलबंद कर रखा गया है। इस दौरान अगर याचिका नहीं लगाई जाती है तो टाइम खत्म होने के बाद मशीनों को बाहर निकालकर उसका डाटा क्लीयर करने की प्रकिया की जाएगी।

- डॉ. गौरव सिंह
कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अनुमति से करेंगे डाटा क्लीयर

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार याचिका टाइम खत्म होने के बाद भी ईवीएम मशीनों का डाटा क्लीयर करने के लिए प्रशासन को छत्तीसगढ़ मुख्य निवार्चन पदाधिकारी से अनुमति लेनी होती है। इसके बाद ही ईवीएम मशीनों से डाटा क्लीयर किया जाएगा।

**ईवीएम-वीवीपैट को बूथ व सीरियल नंबर के साथ रखा गया :** जिला निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि मतगणना के बाद स्ट्रांगरूम में सातों विधानसभा सीटों पर उपयोग में लाई गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सीरियल नंबर के अनुसार अलग-अलग सीलबंद कर स्ट्रांगरूम में याचिका टाइम तक रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर बूथ व सीरियल के अनुसार ईवीएम मशीन को आसानी से निकाला जा सके।

### सवारी शहर के भीतर लाने आटो का रेलमपेल, इस वजह से ओवरब्रिज के चारों ओर जाम ही जाम

# पचपेड़ी नाका में रोज जाम, छुटकारे के लिए बस स्टॉप लालपुर होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाठागांव में संचालित इंटर स्टेट बस टर्मिनल की वजह से पूरे रिंग नंबर एक के चारों तरफ जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सबसे ज्यादा जाम की स्थिति पचपेड़ी नाका के पास रहती है। पचपेड़ी नाका में सुबह 9 से 11 तथा शाम के समय सबसे ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसकी वजह पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे की जगह को अस्थायी बस स्टापेज के रूप में उपयोग करना है। अस्थायी बस स्टापेज होने की वजह से ओवरब्रिज के नीचे तथा धमतरी रोड के दोनों तरफ के मार्गों में सवारी बैठाना तथा ऑटो पार्क करना है।

गौरतलब है कि पचपेड़ी नाका से धमतरी जाने वाले मार्ग पर कई बड़े अस्पताल होने के साथ ही थोक अनाज के साथ फल मंडी है। इस वजह से इस मार्ग पर पूरे दिन ट्रैफिक का दबाव रहता है। धमतरी रोड पर बसों के अलावा ओडिशा तथा दुर्ग जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। इसके अलावा पचपेड़ी नाका शहर का एंट्री पाइंट भी है। ऐसी स्थिति में पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे बस स्टापेज होने की वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है।



### काफी हद तक जाम से मिलेगी मुक्ति

गौरतलब है कि कैनाल लिंक रोड से अमलीडीह, राजेंद्र नगर तथा तेलीबांधा के रहवासी पचपेड़ी नाका आने-जाने के लिए उपयोग करते हैं। बस स्टापेज को लालपुर ओवरब्रिज शिफ्ट करने से ट्रैफिक जाम से लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी। ट्रैफिक का दबाव लालपुर से पचपेड़ी नाका के बीच ज्यादा रहता है।

### जाम से निपटने लालपुर में स्टापेज बनाने की तैयारी

ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक पचपेड़ी नाका को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने लालपुर में कैनल लिंक रोड ओवर ब्रिज के नीचे अस्थायी बस स्टापेज बनाने की तैयारी चल रही है। लालपुर में बस स्टापेज बनाने बस मालिकों के साथ निगम के अफसरों से बात की जा रही है।

### लालपुर तक मार्ग संकरा

गौरतलब है कि पचपेड़ी नाका से लेकर लालपुर जाने वाला मार्ग औसतन संकरा है। सड़क के दोनों तरफ कई कालोनी होने के साथ बस्ती है। इस मार्ग में दिनभर लोगों की आवाजाही होती रहती है। इसके कारण भी इस मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के नीचे ट्रैफिक पुलिस थाना भी है, बावजूद इसके जाम की स्थिति से निपटने ट्रैफिक पुलिस भी लाचार नजर आती है।

# साव ने कहा- तीसरी बार बहुमत के साथ सरकार में आना बहुत बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, 1962 के बाद पहली बार नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला है। यह लोकसभा की जीत मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत है। उन्होंने कहा, 10 साल सरकार में रहने के बाद तीसरी बार बहुमत के साथ सरकार में आना भाजपा व राजग की बहुत बड़ी उपलब्धि है। संवाददाताओं से चर्चा में अरुण साव ने कहा, लोकसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट है कि यह जनादेश देश की जनता के मोदी पर अटूट भरोसे की मुखर अभिव्यक्ति है। उनको जनता-जनार्दन का आशीर्वाद है, जिन्होंने 10 वर्षों में देश की दशा और दिशा में सकारात्मक बदलाव लाया है। आम लोगों के सपनों को साकार किया है 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को धरातल पर साकार किया है। देश को आंतरिक और बाह्य के रूप से सुरक्षित किया। दुनिया में भारत का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाया। भ्रष्टाचारमुक्त सुशासन दिया है। नई सरकार अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के कार्य को और आगे बढ़ाएगी।

- ■ नतीजों से स्पष्ट है कि यह जनादेश जनता का मोदी पर भरोसा

### साव का भूपेश से सवाल
### कांग्रेस की दुर्दशा के लिए कौन जिम्मेदार है?



उन्होंने कहा, कांग्रेस के तमाम फरेब, दुष्प्रचार और झूठ के बावजूद 11 में से 10 सीटें भाजपा ने जीती है। कांग्रेस ने प्रदेश के अपने सारे बड़े नेताओं को चुनाव में उतारा था और वह सभी-के-सभी चुनाव हारे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के सभी दिग्गजों की शर्मनाक हार हुई है। उनके सभी नजदीकी मंत्री, जिन्हें बघेल ने टिकट दिलाया था, वह सब भी हार गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि आखिर इस शर्मनाक हार की जिम्मेदारी किसकी है? इसका जवाब बघेल को देना चाहिए।

### अब ओडिशा में भी डबल इंजन की सरकार

उप मुख्यमंत्री ने पड़ोसी प्रदेश ओडिशा में भाजपा की लोकसभा व विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा, ओडिशा की 21 में से 19 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटों के साथ ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव परिणाम और भाजपा सरकार की योजनाओं का भी बड़ा असर ओडिशा के चुनाव में देखने को मिला है।

**2025-26 से इसी आधार पर होगा मूल्यांकन, एनएमसी का सर्कुलर**

# मेडिकल कालेजों की मान्यता का आधार होगा आभा आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तमाम मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों की ओपीडी-आईपीडी में आने वाले मरीजों का इलाज आभा आईडी के माध्यम से कराने पर जोर दिया गया है। एनएमसी ने सर्कुलर जारी कर चिकित्सा महाविद्यालयों को यह व्यवस्था बनाने की हिदायत दी है। 2025-26 के शैक्षणिक वर्ष से कालेज की मान्यता के लिए इसी आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

नेशनल मेडिकल कमीशन ने चिकित्सा महाविद्यालयों की ओपीडी-आईपीडी में आभा आईडी की व्यवस्था को अनिवार्य किया है। उसके द्वारा जारी सर्कुलर में सभी कालेजों से कहा गिया है कि वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक वर्ष से मरीजों और उनके उपचार की अन्य व्यवस्था को आभा आईडी से प्रमाणित किया जाएगा। इसके साथ यूजीपी और पीजी की सीटों, नए कालेज, छात्रों को प्रवेश की अनुमति, नवीनीकरण सहित अन्य कार्यों के लिए मेडिकल कालेजों के अस्पतालों में पंजीकृत आभा आईडी के मरीजों के आधार पर प्रमाणित किया जाएगा। चिकित्सा महाविद्यालयों में आभा आईडी की व्यवस्था को एनएमसी द्वारा पिछले महीने हुई अपनी बैठक में अंतिम रूप दिया था, जिस पर शुक्रवार को सर्कुलर जारी किया गया है।

### ओपीडी-आईपीडी के मरीजों की आईडी से करना होगा पंजीकरण





### प्रक्रिया में है

एनएमसी के निर्देशों के अनुरूप सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में आभा आईडी की सुविधा देने के के लिए सिस्टम विकसित करने का काम प्रक्रियाधीन है। सभी को इस बारे में पहले ही निर्देश दिया जा चुका है।

- डॉ. यूएस पैंकरा,
संचालक, चिकित्सा शिक्षा

### बिना आईडी वालों का भी इलाज

आभा आईडी की व्यवस्था करने वाले अस्पताल इसकी सुविधा नहीं लेने वाले मरीजों के उपचार से इनकार नहीं करेंगे। इस बात पर जोर दिया गया है कि इसकी आईडी बनवाने के लिए ऐसे मरीजों को जरूर जागरूक किया जाए। एनएमसी द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के डिजिटलाइजेशन की दिशा में कदम उठाते हुए इलाज के लिए चिकित्सा महाविद्यालयों में आने वाले मरीजों को आभा आईडी के माध्यम से पंजीकृत किए जाने पर जोर दिया गया था।

### राज्य के कुछ कालेजों में सुविधा

सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के एक दो चिकित्सा महाविद्यालयों में ही इसकी सुविधा वैकल्पिक रूप से दी गई है और कुछ कॉलेजों ने इसकी प्रक्रिया शुरू की है। एनएमसी के निर्देश के बाद इस काम में तेजी आने की संभावना है। वर्तमान में आभा आईडी बनाने का काम कुछ जिला अस्पतालों में किया जा रहा है, मगर इसके लिए जागरूकता कम होने की वजह से उपयोग करने वालों की संख्या काफी कम है।

## पेज 11 के शेष

### दिव्यांगों के खाली .....

मंडल बिलासपुर, सभी संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष, सभी जिला कलेक्टर और सभी जिला पंचायतों के सीईओ को आदेश भेजा है। आदेश में ये भी साफ किया गया है कि भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनयम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में दिव्यांगजनों के लिए सीधी भर्ती के पदों पर 7 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है।

### जेल के बंदी ....

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत उद्यानिकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बंदियों को 25 दिनों तक पांच से छह घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बंदियों की कृषि विश्व विद्यालय लिखित के साथ प्रैक्टिकल परीक्षा लेगा। परीक्षा पास करने वाले बंदियों को प्रमाणपत्र भी जारी किया जाएगा।

**25 के समूह में प्रशिक्षण**

जारी आदेश के मुताबिक राज्य की सभी जेलों में 25-25 के समूह में बंदियों को उद्यानिकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें बंदियों को पौधों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें नर्सरी की ट्रेनिंग के साथ ही गार्डनिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के इच्छुक बंदी जेल प्रशासन के पास अवेदन देकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक राज्य की ज्यादातर जेलों में कम सजा पाने वाले बंदियों ने माली का प्रशिक्षण पाने आवेदन पेश किया है।

**नियमित चलेगा प्रशिक्षण का कार्य**

जेल में बंदियों को प्रशिक्षण देने का कार्य इसी वर्ष जून में शुरू किया गया है। जेल में जिन बंदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उनका बैच समाप्त होने तथा रिजल्ट जारी होने के बाद नए बंदियों को माली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तरह से बंदियों को माली का प्रशिक्षण देने का कार्य नियमित जारी रहेगा।

**जेल में गार्डनिंग करने में मदद मिलेगी**

जेल में बंदियों को माली का प्रशिक्षण देने से जेल में गार्डनिंग को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही जरूरत के हिसाब से बंदियों को जेल से बाहर अन्य जगहों पर ले जाकर माली का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बिना हेलमेट कल से नहीं मिलेगा पेट्रोल

**रायपुर।** भिलाई सेक्टर क्षेत्र के 11 पेट्रोल पंप अब दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देना का मन बना लिया है। उक्त पेट्रोल पंप संचालकों ने 21 दिन चैलेंज में अपनी भागीदारी निभाई है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक करने दिए गए निर्देश और एएसपी सुखनंदर राठौर मार्ग दर्शन में सेक्टर एरिया के पेट्रोल पंप के संचालको का कंट्रोल रूम में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि बिना हेलमेट के वाहन चालको को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। सेक्टर के पेट्रोल पंप संचालको 7 जून से दो पहिया वाहन चालको को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

# भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक प्रदेश संगठन ने गुरुवार को बुलाई है। संगठन ने इस बैठक के बहाने के सभी निर्वाचित सांसदों को भी इसमें बुलाया है। ठाकरे परिसर में सुबह 11 बजे यह बैठक होगी। बैठक में लोकसभा क्षेत्र के लिए गठित प्रबंध समिति के प्रमुखों को उनके निर्देशन में आए परिणाम को लेकर उनका विशेष तौर पर प्रसंशा करने के साथ

### निर्वाचित सांसद भी होंगे शामिल



ही सभी निर्वाचित सांसदों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी जाएंगी। बताया गया है कि सभी लोकसभा क्षेत्र के लिए भाजपा ने चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रबंध समिति का गठन किया था। प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही पूरे लोकसभा क्षेत्र में संगठन के लोगों को सक्रिय किया। प्रदेश में लोकसभा में मिली यह बड़ी जीत है। इधर एनडीए के घटक दलों की बैठक के बाद सरकार गठन की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ के सभी निर्वाचित सांसदों को दिल्ली बुलाया है। माना जा रहा है कि कल बैठक में शामिल होने के बाद सभी सांसद शाम को दिल्ली रवाना हो सकते हैं।


## बिजनेस साइट सिटी

### गर्मी की छुट्टियों में छोटे-बड़े सभी को भा रहा 'डिज्नीलैंड मेला'



**रायपुर।** रावनभाटा मैदान में आयोजित 'डिज़नीलैंड मेले' का मुख्य उद्देश्य बच्चों और बड़ों के लिए एक साथ एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करना है। यह मेला अपने विविध आकर्षक झूलों के लिए जाना जाता है, जहां बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का पूरा पूरा मजा ले रहे हैं। डिज़नीलैंड मेला के संचालक ने बताया कि रंग-बिरंगे झूलों के अलावा इस मेले में 80 फ़ीट लम्बे टनलनुमा एक्वेरियम में 45 प्रजाति की 15000 से ज़यादा रंग-बिरंगी मछलियां हैं। 6000 वर्गफीट में तैयार इस एक्वेरियम में 25 छोटे-बड़े एक्वेरियम भी हैं जिसमें अलग-अलग तरह की मछलियां रखी गयी हैं। यहां 4 टनल बने हैं, जिसमे से गुजरने पर कई तरह की मछलियां दिखती हैं, जिसमे प्रमुख है विण्डो, जेबरा, शॉर्क, पिरान्हा, ऑस्कर, येरापोमा, एलीगेटर गार, पुली वागा, गोरामी, शकरा, टिनफ़ोइल, एंजेल, कोईकॉर्प आदि. समय-समय पर नयी मछलियां भी डाली जा रही हैं।

### श्री रावतपुरा सरकार हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के हृदय स्थल नया रायपुर अटल नगर स्थित 635 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल श्री रावतपुरा सरकार हॉस्पिटल द्वारा मरीजों को एक बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन दिनांक 1 जून से 30 जून तक प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। मरीज के भर्ती होने पर सेवा व भोजन तथा सभी प्रकार के ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे। श्री रावतपुरा सरकार हॉस्पिटल में 60 बैड का क्रिटिकल केयर यूनिट, 9 मोड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, 24 घंटे एंबुलेंस एवं आपात कालीन चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है वही ओपीडी, एक्स-रे, सोनोग्राफी पेशाब व खून की जांच निशुल्क की जा रही है।

### मैनकाइंड फार्मा नीओ डिवीज़न ने कोलंबिया में पीसीओ पर कार्यशाला का आयोजन किया

**रायपुर।** इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा मैनकाइंड फार्मा की नीओ डिवीज़न के सहयोग से संस्थान परिसर में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओ) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।(इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मनिका अग्रवाल ने की। उन्होंने अपने सम्बोधन में महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम के प्रमुख तथ्यों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से सचिव हरजीत सिंह हुरा, डॉ शिव



शंकर शुक्ला, डॉ बीना गिडवानी, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की कोलंबिया इकाई की प्रवक्ता डॉ. नेहा दुबे एवं सभी संकायों की महिला प्राध्यापक तथा फीमेल स्टूडेंट्स के अलावा मैनकाइंड फार्मा नियो डिवीजन के एरिया सेल्स मैनेजर हरेंद्र पाढ़ी, जगमोहन साहू, धीरेन्द्र कर, राकेश तिवारी एवं रामपाल साहू भी उपस्थित थे।

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi




भारती ग्रुप पिछले 27 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

## Law
- B.A. LLB
- B.Com LLB
- LLB
- LLM

## Engineering
M. Tech. / B.Tech.

Polytechnic
- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

## Journalism
- MAJMC
- BAJMC

## Hotel Manegement
- MHM
- BHM

## Animation & Visual Effects
- B.Sc.
- M.Sc.

## Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

## Arts/ Science/ Commerce
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- Forensic Science /Food & Nutrition
- DCA
- PGDCA
- DSW
- MBA
- MPH

New Course — Approved by AICTE
- BBA
- BCA

- B.A./B.Sc./ B.Com.
- B.A./B.Sc./ B.Com. (Hons)

} As per NEP 2020

- M.A./M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS

## Library
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

## Education
- D.El.Ed.
- B.Ed
- M.Ed

## Diploma Courses
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition and Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

## Film Making
- B.A.
- M.A.

**Ph.D.** Available in all Subjects

- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Affiliated to Ayush University, Raipur

- B.Tech. Agri.
- B.Sc. Agri.

Affiliated to IGKV, Raipur

Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.

पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है...

Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development

## TOP RECRUITERS
WIPRO LTD., ASHOK L by LAYAM GROUP, JINDAL ELECTRICAL, HCL INFOSYSTEMS LTD, SUZLON ENERGY LTD., BOC INDIA LTD., DHOOT TRANSMISSIONS, ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd., TATA CONSULTANCY SERVICES, L & T CONSTRUCTION, SUZUKI MOTORS, MAHINDRA & MAHINDRA LTD., HIRA POWER & STEEL, MAINTEC TECHNOLOGIES, IDBI BANK LIMITED, JUST DIAL LIMITED

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

www.bhartiuniversity.org ✉ bhartiuniversity.in@gmail.com ☎ : 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

**खबर संक्षेप**

## नरसिंह मंडल स्मृति दिवस कल



**रायपुर।** आरडीए व मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम के पूर्व अध्यक्ष तथा गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्थापक रहे नरसिह मंडल की 12वीं पुण्यतिथि पर 7 जून को स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्रनगर स्थित मिनीमाता वातानुकूलित भवन में दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे और प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि संस्कृतिक भवन प्रांगण में स्व. मंडलजी की आदमकद प्रतिमा स्थापित है, जहां बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग एकत्रित होकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद एक सभा का आयोजन किया जाएगा, जहां उनके शहर विकास के साथ-साथ सामाजोत्थान के क्षेत्र में किए गए अनुकरणीय कार्यों को याद किया जाएगा। कार्यक्रम में सतनामी समाज के सभी सदस्यों को शामिल होने की अपील की गई है।

## रणजीत को पीएचडी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने रणजीत सिंह को पीएचडी का उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय कला संकाय अंतर्गत हिंदी में कृष्णा सोबती को उपन्यासों में स्त्री-मन का अंतर्द्वंद्व था। उन्होंने अपना शोधकार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी जिला धमतरी के हिंदी के सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के मार्गदर्शन में किया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य, पं. रविवि शोध केंद्र के सभी शोधार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### निगम ने कार्रवाई व विरोध से बचने बिरगांव, रावांभाठा-उरकुरा में किया प्रयोग

# मोटर-टुल्लू पंप से निगम के पानी का दोहन आधे घंटे बिजली कटौती से सुधरा फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हर मौसम में बिरगांव निगम के घरेलू नल कनेक्शन से मिलने वाले पानी का उपयोग करने वाले 16 हजार से भी ज्यादा परिवार हैं। इनके सामने इस गर्मी में मोटर व टुल्लू पंप से निगम के पानी का दोहन करने वाले चुनौती पेश कर रहे थे। इससे आसपास के घरों में फोर्स कम होने से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा था। रोकथाम के लिए निगम ने रेकी के लिए टीम लगाई। सफलता नहीं मिलने पर सुबह आधे घंटे बिजली कटौती शुरू की है।

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में घरेलू नल कनेक्शन लेने और टैक्स देने वाले लोगों को भी गर्मी में पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा था। घरेलू नल कनेक्शन लेने वाले कनेक्शन धारक निगम के जल प्रदाय विभाग में लगातार नल का फोर्स कम होने की शिकायत कर रहे थे। इससे छुटकारा पाने और निगम के पानी का दोहन रोकने के लिए जिम्मेदारों ने शिकायत वाले वार्डों में कई बार जल प्रदाय विभाग की टीम भेजकर कार्रवाई का प्रयास किया, मगर लोग पकड़ में नहीं आ रहे थे। विवाद से बचने के लिए आसपास रहने वाले भी सामने नहीं आ रहे थे। इसे देखते हुए निगम के जिम्मेदारों ने बिरगांव के शिकायत वाले वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26 और 27 का जायजा लिया। इन वार्डों में पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लगातार टैंकर की खपत बढ़ रही थी। यही स्थिति उरकुरा के वार्ड 17 और रावांभाठा के वार्डों में भी पाई गई।



**इस वजह से बढ़ी जरूरत :** निगम के बिरगांव, उरला, अछोली, सरोरा, रावांभाठा और उरकुरा क्षेत्र के 40 वार्डों में तालाबों का पानी दूषित हो चुका है। इससे घरों में नहाने, कपड़ा धोने के साथ ही गर्मी में कुलर भरने के लिए भी लोग नल के पानी का इस्तेमाल करते हैं। हर घर में दो से तीन कुलर लोग चला रहे हैं। इससे 60 से 80 लीटर पानी की खपत हर परिवार में बढ़ गई है।

### फोर्स की समस्या से राहत

कई वार्डों में नया नल कनेक्शन होने से तकनीकी दिक्कत बताई गई। जांच व सुधार के बाद भी मोटर व टुल्लू से पानी का दोहन रोकने के लिए कार्रवाई करने से विरोध की स्थिति बन रही थी। इसे देखते हुए आधे घंटे बिजली आपूर्ति बंद करना पड़ रहा है। 17 टैंकर से ही आपूर्ति देते हैं।

**- इकराम अहमद,** अध्यक्ष, जल प्रदाय विभाग, नगर निगम, बिरगांव

### निगम ने नहीं बढ़ाया टैंकर

निगम सूत्रों ने बताया कि हर साल जहां 25 से 30 टैंकर वार्डों में दौड़ाना पड़ता था, वहीं इस बार 104 करोड़ की जल प्रदाय योजना का लाभ भी लोगों को मिलने लगा है। नल कनेक्शन भी करीब 9 हजार से बढ़कर 16 हजार से ज्यादा हो गए हैं। इसके बाद भी नल की धार पतली होने से लोगों को टैंकर के भरोसे पानी मिल रहा था। 12 से बढ़ाकर 17 टैंकर चलाने पर भी जब 265 से ज्यादा स्पाट पर पानी देने की स्थिति बनने लगी, तो जिम्मेदारों ने बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया। अभी नल खुलने के पहले सुबह 7 से 7.30 बजे तक आधे घंटे बिजली सप्लाई बंद करवाना शुरू किया। इससे टैंकर की खपत थमने के साथ ही नल के फोर्स की शिकायत भी कम हुई।

### शहर में चलेगी 10 ई बस

# दिल्ली की कंपनी क्वालीफाई रेट एप्रूवल के लिए एमआईसी में जाएगा प्रस्ताव



फाइल फोटो

- 32 सीटर बस का होगा संचालन
- 10 साल तक मेंटनेंस की शर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में ईको फेंडली सुगम परिवहन को बढ़ावा देने 10 चमचमाती ई बसें शुरू की जायेंगी। नगर निगम द्वारा 10 ई बसों की खरीदी के लिये किये गये ऑनलाइन टेंडर में आधा दर्जन कंपनियां शामिल हुईं। दस्तावेज जांच के बाद दिल्ली की जेबीएम कंपनी क्वालीफाई हुई। अब बसों के रेट एप्रूवल का प्रस्ताव एमआईसी की बैठक में मंजूरी के लिये रखा जायेगा। मंजूरी के बाद ई बसों की खरीदी का वर्कआर्डर जारी होगा।

शहरवासियों को आने वाले दिनों में ई बस की सवारी का मौका मिलेगा। पंद्रहवें वित्त आयोग से रायपुर नगर निगम को राजधानी में 10 ई बसें खरीदने और 4 जगहों पर चार्जिंग स्टेशन खोलने 20 करोड़ रुपये मिले हैं। बसों की खरीदी के लिए किये गये ऑनलाइन टेंडर में दिल्ली की जेबीएम कंपनी क्वालीफाई हुई। टेंडर में 10 साल तक बसों की मरम्मत और संचालन की शर्त शामिल है। अनुबंध की शर्त के हिसाब से चयनित कंपनी राजधानी के लिए 32 सीटर 10 ई बसें उपलब्ध करायेगी। वर्कआर्डर जारी होने के बाद बसों की आपूर्ति के लिए एजेंसी को 5 माह का समय मिलेगा।

## मोबाइल और वाहन में तोड़फोड़, भाई को पीटा

**रायपुर।** सेजबहार पुलिस ने मारपीट कर मोबाइल और वाहन में तोड़फोड़ करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 2 जून को हाउसिंग कॉलोनी सेजबहार की है। प्रार्थी साहित धृतलहरे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अपने भाई युवराज के मांगने पर अपना मोबाइल उसे दिया था। इस बीच जब उसे मोबाइल की जरूरत पड़ी तो उसने अपने भाई से वापस मांगा। इस बात पर उसके भाई ने विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की और मोबाइल के साथ उसके वाहन में तोड़फोड़ की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### गंदा पानी घर में गिरा, दंपति से की मारपीट

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने दंपति से मारपीट करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 3 जून को बीएसयूपी कॉलोनी सरोना की है। प्रार्थिया सीमा टंडन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर का गंदा पानी पड़ोसी के घर में गिर गया। इस बात पर वहां रहने वाले रोशन और बबलू ने उसे और उसके पति के साथ विवाद, गाली-गलौच कर मारपीट की। इस दौरान किसी चीज से उसके पति पर हमला भी किया, जिससे उन्हें चोट आई है।

## अकारण गाली-गलौज पिटाई भी, 3 पर केस

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने एक युवक से मारपीट करने के मामले में 3 लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी शिवम देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जनता कॉलोनी गुढ़ियारी में 3 जून को रात करीब 10 बजे तुषार बागड़े, हनी एवं अन्य एक ने मिलकर बिना कारण उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की। इस दौरान आरोपियों में किसी चीज से उस पर वार भी किया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में तीनों के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 20 पौवा देशी शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने एक कोचिया को देशी शराब के साथ पकड़ा है। आरोपी ज्वाला मालेकर को पुलिस ने 3 जून को मिनी चौक मैदान के पास गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 पौवा देशी शराब जब्त की। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट 34-1 ख के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।









हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 6 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



प्रकृति की छांव में शहर

लाइव इवेंट

## 'बिट द हिट' में थिरके बच्चे मम्मियों ने बजाया ढोलक



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में 'बिट द हिट' कार्यक्रम आयोजित किया गया। अग्रसेन कला केंद्र के प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। ढोलक की थाप में जहां महिलाओं ने भजन के धुन बाजाए तो वहीं कथक के प्रतिभागियों ने शिव-स्तुति पेश की। काला चश्मा, सिर पर टोपी और रंग-बिरंगे छाते लिए जब बच्चे रैंप पर उतरे तो सारे दर्शक झूम उठे। केसियो पर भी छात्रों ने अलंकार बजाया। महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं डायरेक्टर डॉ.वीके अग्रवाल ने कहा, सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

### आइसक्रीम खिलाकर दी शुभकामनाएं

महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा, माताओं ने ढोलक का प्रदर्शन किया उसे तो यही कह सकते हैं कि आप कभी भी शुरूआत कर सकते हैं। हर वर्ग के प्रतिभागहयों को देखकर उत्साह दुगुना हो गया है। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा, 15 मई से अग्रसेन कला केंद्र की शुरुआत हुई है। महज 15 दिन में प्रतिभागियों ने बहुत कुछ सीखा है। उनका प्रदर्श काबिल-ए-तारीफ है। इस अवसर पर समर क्लास के छात्र-छात्राओं सहित सभी शिक्षकों ने एक-दूसरे को आइसक्रीम खिलाकर अपनी शुभकामनाएं दी।



शनि मंदिरों में जयंती पर दिनभर रहेगा उत्सव का माहौल, वट सावित्री व्रत भी आज

# तेल से अभिषेक के बाद होगा शनि देव का श्रृंगार, भव्य महाआरती

# वट वृक्षों पर सुहागिनें बांधेंगी कच्चा सूत, उद्यानों में भी होगा पूजन

शहर के चूड़ीलाइन, गोलबाजार, टिकरापारा सहित 35 से ज्यादा शनि मंदिरों में गुरुवार को ऊर्जा व प्रगति के कारक देवता का लोग तेल से अभिषेक करेंगे। जन्मोत्सव के दिन मालव्य एवं शनि का शश योग केंद्र में बन रहा है। यह शनि देव की आराधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है, जो कई साल के बाद बन रहा है। शश राजयोग के साथ गज केसरी योग, बुधादित्य, लक्ष्मी नारायण जैसे योगों का प्रभाव रहेगा। इसके चलते अभिषेक के साथ लोग शाम को महाआरती में भी सपरिवार शामिल होंगे। इसे देखते हुए मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए तैयारी की गई है। जहां सुबह से देर रात तक उत्सव का माहौल बनने वाला है।

**रायपुर।** ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि 6 जून को शाम 6 बजकर 6 मिनट पर समाप्त होगी। इस साल शनि जयंती को धूमधाम से मनाने की तैयारी है। शहर का सबसे प्राचीन शनिदेव मंदिर गोलबाजार के चूड़ी लाइन क्षेत्र में स्थित है। मंदिर के पुजारी संजय शर्मा की अगवाई में करीब 325 वर्ष प्राचीन इस मंदिर में गुरुवार को उत्सव मनाया जाएगा। इस मंदिर के निर्माण के बाद से अभी इस पुरानी व्यवस्था के तहत ही पूजा-अर्चना की जाती है।

मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगने लगता है। इसमें अभिषेक कराने के लिए आने वाले परिवारों की सुविधा के लिए पुजारियों को जिम्मेदारी दी गई है। यहां अभिषेक के बाद लोग शारीरिक विकारों की मुक्ति के लिए तेल लेकर जाते हैं। जिनके राशि में शनि का प्रभाव होता है, ऐसे श्रद्धालु शनि शांति के लिए हवन में शामिल होते हैं। इसे देखते हुए अलग-अलग समय में हवन का इंतजाम मंदिरों में किया गया है। इस बार टिकरापारा स्थित शनि मंदिर में भी उत्सव की तैयारी है।







### चूड़ी लाइन में होगा श्रृंगार

मंदिर के पुजारी ने बताया कि हर साल की तरह ही सुबह से ऊर्जा के कारक देवता की जयंती पर पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद तेल से अभिषेक कराने के लिए आने वाले परिवारों को शनि शांति के लिए अनुष्ठान किया जाएगा। इस बार मंदिर आने वाले लोगों के लिए स्वागत द्वार भी बनाया गया है। साथ ही लोगों को विशेष पूजा व अभिषेक के लिए इंतजार से बचाने के लिए पुरोहित को भी जिम्मेदारी दी गई है। शाम को हवन व श्रृंगार के बाद भक्तों की मौजूदगी में महाआरती की जाएगी। कई व्यक्तियों अथवा परिवार द्वारा विशेष अनुष्ठान कराए जाते हैं, उनके लिए भी पृथक व्यवस्था कई स्थानों पर की गई है।

### गार्डन में भी मनेगा उत्सव

टिकरापारा के शनि गार्डन के पास स्थित मंदिर में दिनभर उत्सव की तैयारी है। मंदिर के पुजारी बिरजू महाराज ने बताया कि 2008 में स्थापित इस मंदिर में परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना की जाती है। सुबह 8 बजे से तेल से अभिषेक शुरू होगा। उन्होंने बताया कि अमावस्या तिथि पर जन्मोत्सव के लिए बुधवार को ही आने वाले लोगों की सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम किए गए हैं। शाम 4 बजे विषेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद हवन में आस-पास के लोग शामिल होंगे। महाआरती के बाद भोग-भंडारे का आयोजन इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए किया जाएगा।

### ऐसे कर सकते हैं पूजन

शनि मंदिर के पुजारियों ने बताया कि शनि देव को सबसे सहज व सरल देव माना जाता हैं। इनकी काले तिल, कंबल, उड़द, तेल, कुरुथी आदि से आराधना करने से मनोकामना पूर्ण होती हैं। शनि देव के भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होने पर साल के दोनों नवरात्रों में नवग्रह ज्योति कलश की स्थापना करवाई जाती है। शनि देव को खुश करने के लिए पीपल के पेड़ में दीपक जलाकर प्रार्थना करना चाहिए। मीठे भोजन से भी शनि देव शांत हो जाते हैं। इसके अलावा शनि का जाप, पूजा-अर्चना करके भी उन्हें प्रसन्न किया जा सकता है।

### शनि शिंगणापुर से लाए गए पूजित श्रीचरण

शंकर नगर स्थित शनिदेव मंदिर में 6 जून को धूमधाम से शनिदेव जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंगल आरती सुबह 7 बजे, हवन सुबह 9 बजे, विशेष पुष्प श्रृंगार, तेल अभिषेक दिनभर, प्रसादी भंडारा दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। इसके अलावा महाआरती शाम 7 बजे का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि शनिदेव मंदिर में शनि शिंगणापुर से लाए गए विशेष पूजित श्रीचरण भक्तों के दर्शन के लिए रखे जाएंगे।

मारुति लाइफ स्टाइल के सामने मेन रोड कोटा में नवनिर्माण शनिदेव के मंदिर में प्रथम वर्ष जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। शनि देव मंदिर के पुजारी रोहित शर्मा ने जानकारी दी। सर्वप्रथम सुबह 7.30 आरती फिर 11 बजे हवन, 11.30 बजे भंडारा एवं शाम 4 बजे से सुंदर कांड का पाठ, रात्रि 7.30 बजे महाआरती ढोल बाजे और आतिशबाजी के साथ की जाएगी। साथ ही रात्रि 8 बजे भोग प्रसाद का वितरण होगा और भजन संध्या 7 बजे से जय किसन एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### जिन मंदिरों में वट वृक्ष, वहां विशेष पूजन

शनि जयंती के साथ ही वट सावित्री व्रत भी आज रखा जाएगा। महामाया मंदिर, बूढ़ेश्वर चौक, लीली चौक सहित शहर के मुख्य मंदिरों और उद्यानों जहां वट वृक्ष है, वहां विशेष पूजा और आराधना की जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वट सावित्री व्रत के दिन बरगद पेड़ की विधिपूर्वत पूजा करने से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री के दिन बरगद पेड़ की पूजा के साथ उसकी सात बार परिक्रमा करती हैं। इसके अलावा व्रती महिलाएं बरगद के पेड़ में सात बार कच्चा सूत भी लपेटती हैं। कहते हैं कि वट वृक्ष में सात बार कच्चा सूत लपेटने से पति-पत्नी का संबंध सात जन्मों तक बना रहता है। मान्यताओं के मुताबिक, बरगद के पेड़ पर कलावा बांधने से अकाल मृत्यु जैसे योग टल जाते हैं।

कैंपस इवेंट

## रविवि छात्रों ने जाने सूक्ष्म व्यायाम व योग तकनीक



**रायपुर।** इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर यौगिक साइंसेज और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में योगा कैंप का आयोजन विवि परिसर में 5 से 12 जून 2024 तक कराया जा रहा है। योगा कैंप के प्रथम दिवस बुधवार को योग विशेषज्ञ दीपशिखा डोलस ने गुरू मंत्रों के साथ योगाभ्यास प्रारंभ किया। तत्पश्चात सूक्ष्म व्यायाम कराने के साथ विभिन्न क्रियाएं व आसनों को कराते हुए निरंतर दैनिक दिनचर्या में अभ्यास करने पर शरीर मे होने वाली लाभ की जानकारी दी। तत्पश्चात सूर्य-नमस्कार कराते हुए 12 चरण की स्थिति को बताते हुए विभिन्न आसन किए गए। इसमें प्राणामासन, हस्त उत्तानासन, हस्तपादासन, अश्व संचलानासन, अधो मुख श्वानासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार , भुजंगासन, अधो मुख श्वानासन, पर्वतासन, अश्व संचलानासन, हस्तपादासन शामिल रहे। प्रथम दिवस 140 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभागी के रूप मे प्रत्यक्ष माध्यम से शामिल हुए। सभी योग लाभार्थियों ने पूरी ऊर्जा के साथ योग का अभ्यास किया।

## 51 फीसदी रहे एमकॉम अंतिम वर्ष के परिणाम

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को एमकॉम प्रथम और अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। अंतिम वर्ष के परिणाम जहां बेहतर रहे, वहीं प्रथम वर्ष के नतीजों ने निराश किया।



विवि द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रथम वर्ष की परीक्षा में 1 हजार 480 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 765 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि 715 फेल हो गए। एक छात्र का परिणाम रोका गया है, जबकि 123 छात्र अनुपस्थित रहे। इस तरह से नतीजे 51.69 प्रतिशत रहे। एमकॉम अंतिम वर्ष की परीक्षा 648 छात्रों ने दिलाई थी। इनमें से 458 उत्तीर्ण और 189 अनुत्तीर्ण रहे हैं। 36 छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए। नतीजे 70.68 प्रतिशत रहे हैं। रविवि ने दोनों ही कक्षाओं के परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। छात्र निर्धारित अवधि में पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# 10 तरह के टेस्ट में सफल छात्र होंगे खेल परिसर में चयनित, इसमें शटल रेस, पुशअप भी शामिल

**रायपुर।** शासकीय बालक खेल परिसर गोगांव, रायपुर स्थित खेल परिसर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश भर्ती प्रकिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्था में प्रवेश केवल अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए है। प्रवेश के लिए पंजीयन फार्म निःशुल्क है। चयन 10 तरह के टेस्ट के आधार पर होगा। इसमें उछाल परीक्षण, संचालित गति परीक्षण, शटल रेस, गतिशील स्फूर्ति परीक्षण, गतिशील शक्ति परीक्षण, शरीर के ऊपरी भाग को मोड़ने संबंधी परीक्षण, पुशअप, लेग रेंजिंग, सिटअप और सहन शक्ति दौड़ शामिल है। छात्रों को चयन प्रकिया में सम्मिलित होने के लिए पिछली उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खातें की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साईज का फोटो लाना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया के लिए छात्रों को स्पोर्ट्स किट (टी शर्ट, निकर, जूता) में उपस्थित होना होगा। चयनित छात्रों को प्रतिदिन प्रातः 6.00 बजे से 8.00 बजे तक एवं शाम 4.00 बजे से सूर्यास्त तक खेल मैदान में अभ्यास करना अनिवार्य होगा।

### आवास एवं भोजन की निःशुल्क सुविधा

निःशुल्क सुविधाएं आवास, नास्ता, भोजन, गणवेश, ट्रेकसूट, जूता, मोजा एवं शिष्यवृत्ति तथा छ.ग. शासन द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली अन्य सुविधाएं छात्रों को प्रदान की जाएगी। विस्तृत जानकारी के लिए खेल परिसर कोच गोगांव से संपर्क नंबर 97521-26662 या 94241-66328 एवं अधीक्षक 88273-80481 पर कार्यालयीन अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

- शासकीय बालक खेल परिसर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के भर्ती प्रकिया प्रारंभ

### कक्षावार प्रवेश के लिए आयु निर्धारित

- कक्षा 6वीं के लिए 11 वर्ष
-कक्षा 7वीं के लिए 12 वर्ष
- कक्षा 8वीं के लिए 13वर्ष

### खिलाड़ी एचं ऊंचे कद के छात्रों को प्राथमिकता

*खिलाड़ी छात्र एवं ऊंचे कद के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश पंजीयन फार्म बालक खेल परिसर (अन्य पिछड़ा वर्ग) छात्रावास शास. पूर्व माध्यमिक शाला, गोगांव बाजार चौक से कार्यालयीन दिवस में समय 10.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश पंजीयन फार्म भर कर जमा करने की अंतिम तिथि 24 जून को संध्या 4 बजे तक रहेगी। अंतिम चयन 25 और 26 जून को शास. पूर्व माध्यमिक शाला, बाजार चौक गोगांव में प्रातः 9.00 बजे से किया जाएगा।*

# मरीजों की सहायतार्थ दान की 12 लाख की 2 एक्स-रे मशीन

**रायपुर।** महावीर इंटरकांटिनेटल सर्विस आर्गनाइजेशन द्वारा आंबेडकर अस्पताल में 2 एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसका मुख्य उद्देश्य अस्पताल के मरीजों की सहायता करना है। केन फिन होम्स बेंगलुरू के सीएसआर फंड के माध्यम से लगभग 12 लाख रुपए की सहायता राशि के माध्यम से 2 एक्स-रे मशीन मंगाई गई है। मीसो के अंतरराष्ट्रीय महासचिव वीर लोकेश कावड़िया ने बताया, अस्पताल में 4 एक्स रे मशीन मौजूद है। जिसमें से 3 मशीन कंडम हो चुकी थी, जिसे रिपेयरिंग के माध्यम से भी ठीक नहीं किया जा सकता था।

मरीजों की समस्या को देखते हुए, केनफिन होम्स द्वारा सीएसआर मद से 12 लाख रुपए की मदद ली गई। जिसमें ब्रांच मैनेजर धनंजय कुमार सहित अन्य साथियों का सहयोग मिला। दोनों मशीन को अस्पताल पहुंचाते ही मरीजों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। कार्यक्रम के



दौरान मेकाहारा अधीक्षक डॉ.एसबीएस नेताम, डॉ.राजेश सिंह, डॉ.आशुतोष गुप्ता, शाश्वत सहारे, संतोष पुरी, रीतु सिंह, मीसो के अध्यक्ष वीर मोतीलाल ओसवाल, प्रदेशाध्यक्ष वीर अशोक जैन, प्रदेश महासचिव वीर राजेंद्र जैन, उपाध्यक्ष वीर जयंतभाई टांक, कोषाध्यक्ष वीर संजय जैन, आई केयर डायरेक्टर वीर धर्मेंद्र जैन मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

बेसिक लाइफ सपोर्ट वर्कशॉप : छात्रों ने सीखे जीवन रक्षा के तरीके

# आकस्मिक हृदयाघात की स्थिति में बचा सकते हैं मरीजों की जान इसके लिए जरूरी है सपोर्ट सिस्टम को समझना व प्रायोगिक ज्ञान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में बेसिक लाइफ सपोर्ट की 15वीं कार्यशाला का आयोजन मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में किया जा रहा है। चिकित्सा महाविद्यालय के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यशाला के पहले दिन शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय से 34 पीजी रेजिडेंट डॉक्टर सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला में आकस्मिक हृदयघात में मरीज की जीवनरक्षा के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में पढ़ाया गया एवं मैनिकिन (मनुष्य का कृत्रिम पुतला या मॉडल) के माध्यम से प्रायोगिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पश्चात सभी छात्रों से हैंड्स ऑन प्रैक्टिस कराया गया।



### अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की है यह तकनीक

गौरतलब है कि एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट और बेसिक लाइफ सपोर्ट अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन से प्रमाणित ऐसी तकनीक है, जिसका इस्तेमाल कार्डियक अरेस्ट के दौरान जान बचाने में किया जाता है। उचित प्रशिक्षण के साथ, ये तकनीक हृदय संबंधी आपात स्थितियों के लिए प्रभावी प्राथमिक प्रतिक्रियाएं हैं, जिनकी मदद से किसी व्यक्ति की जीवन-रक्षा की जा सकती है। शुक्रवार को कार्यशाला में आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.पीके पात्रा, सीएमई जेपी पाठक, डीएमई डॉ.यूएस पैंकरा, डीन डॉ.तृप्ति नागरिया एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.एसबीएस नेताम भी शामिल होंगे।



### गुजरात से पहुंचे विशेषज्ञ

कोर्स की संचालक एवं को-ऑर्डिनेटर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने बताया, इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य तक जीवनदायी बेसिक लाइफ सपोर्ट स्किल को पहुंचाना है। ताकि कार्डियक अरेस्ट जैसी आपात स्थिति में ज्यादा से ज्यादा जीवन रक्षा हो सके। इस कार्यशाला के कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. शिवम पटेल एवं डॉ. अनिषा नागरिया हैं। गुजरात से विशेष रूप से प्रशिक्षण देने के लिए डॉ. जनक खम्बोल्झा एवं डॉ. पल्टियाल पैलेट आए हुए हैं।

### पुतलों में किया प्रयोग

छात्रों को ना केवल बेसिक लाइफ सपोर्ट की सैद्धांतिक जानकारी दी गई, बल्कि उनके द्वारा प्रायोगिक कार्य भी इस दौरान किया गया। छात्रों ने पुतलों पर सिखाए गए टेकनीक का प्रयोग किया। आपातकाल में ना घबराते हुए छात्रों को संयम के साथ स्थिति को नियंत्रित रखने के टिप्स दिए गए। मेडिकल छात्रों ने इससे संबंधित तकनीक की बारीकियां समझी। विशेषज्ञों ने छात्रों को कई ऐसे उदाहरणों के बारे में भी बताया जब हृदयघात की स्थिति में इस तकनीक का प्रयोग कर मरीजों की जान बच ली गई। छात्रों ने इस तकनीक से जुड़े कई सवाल भी पूछे, जिसका जवाब विशेषज्ञों द्वारा प्रायोगिक तौर पर दिया गया।

## कैंपस लाइव

# पुस्तकों के ई-रिसोर्स और एआई से जोड़ा जाए पुस्तकालयों को



**रायपुर।** ट्रिपलआईटी के पुस्तकालय विभाग द्वारा पुस्तकालय पेशेवरों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत 3 जून से हुई। सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र (इनफ्लिबनेट) के सहयोग से इसका आयोजन किया जा रहा है। इनफ्लिबनेट भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के यूजीसी का एक इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह पहली बार है कि इस तरह की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। संस्थान के रजिस्ट्रार प्रोफेसर केजी श्रीनिवासा मुख्य अतिथि रहे। ट्रिपलआईटी के सहायक अजीत रॉय ने कार्यशाला की रुपरेखा बताई। रजिस्ट्रार प्रो. केजी श्रीनिवास ने पुस्तकालयाध्यक्षों से अपडेट रहने का आग्रह किया। कार्यशाला का उद्देश्य समकालीन दुनिया के पुस्तकालयों में उपयोग किए जा रहे ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर, ई-रिसोर्स, एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग पहलुओं के सैद्धांतिक, व्यावहारिक पहलुओं और व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा।

### वाराणसी, पटना से भी प्राप्त हुए आवेदन

इनफ्लिबनेट की हेमा और रोशनी ने अगले सैद्धांतिक और व्यावहारिक सत्रों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में पुस्तकालय पेशेवरों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली। कार्यशाला में हिस्सा लेने के लिए थोक में आवेदन प्राप्त हुए थे, हालांकि इसमें भाग लेने के लिए केवल पचास को ही चुना गया था। एनआईटी, आईआईएम, पं.रविशंकर शुक्ल विवि, एचएनएलयू सहित वाराणसी, पटना, लखनऊ, रांची, अंबिकापुर और अन्य स्थानों के कई प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिभागियों ने उत्साह दिखाया।

## धर्म लाइव

# मोक्ष कल्याणक पर्व पर विशेष अभिषेक व शांतिनाथ विधान



**रायपुर।** शहर के टैगोर नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्री शांति नाथ भगवान का तप, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक पर्व भक्ति-भाव से मनाया गया। शांति नाथ भगवान के तप ज्ञान और मोक्ष कल्याणक के उपलक्क्ष मे अभिषेक व शांति धारा पूजन के बाद शांति विधान का आयोजन किया गया। बुधवार को शांति धारा करने का सौभाग्य मानमल, विनीत बड़जात्या और राजकुमार, वीर जैन और नमन जैन को प्राप्त हुआ। इस विधान को नितिन पंडित के सानिध्य में शांतिनाथ विधान सानंद संपन्न हुआ। इसके चलते मंदिर में भक्तिमय माहौल रहा। शांति धारा का सौभाग्य प्राप्त करने वाले परिवारों के लोग भी इसमें शामिल हुए।

### महिला मंडल ने दिया सहयोग

वहीं निर्वाण लाडू शुद्धता के साथ घर से बनाकर शिल्पी जैन और सीमा लाई थी। उनके इस प्रयास की मंदिर में अनुमोदना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के सफल आयोजन में महिला मंडल ने भी योगदान दिया। मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तिगण पहुंचे रहे। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। सुबह से ही यहां उत्सव का माहौल बना। समाज के लोगों और शांति धारा के लाभार्थी परिवारों ने महिला मंडल के प्रयास की सराहा और इसके लिए मंदिर समिति ने उनके प्रयासों की सराहना की। इनके प्रयास से सभी को बेहतर माहौल के साथ ही धर्म लाभ मिला।

## एजूकेशन अपडेट

# पीईटी, प्रीएमसीए व पीपीएचटी के प्रवेशपत्र तीन लिंक में जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 13 जून को पीईटी एवं प्रीएमसीए 2024 प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह में एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा अपरान्ह में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। व्यापम द्वारा इन तीनों ही प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट (vyapam.cgstate.gov.in) एवं (https://vyapamaar.cgstate.gov.in/) एवं चिप्स की वेबसाइट (http://cgstate.gov.in) पर उपलब्ध लिंक में से किसी भी एक लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं एवं वहां से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजा जाएगा। अभ्यर्थी इस यूआरएल को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं।

### हेल्पलाइन नंबर पर ले सकते हैं केंद्र की जानकारी

व्यापम द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केंद्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचात किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने के लिए अनुमति दी जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के संबंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 82698-01982 पर संपर्क कर सकते हैं। व्यापम ने कहा है कि अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका प्रिंट-आउट अवश्य निकालें। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जाएं।

## • प्रशासनिक भवन से लेकर स्कूल-कॉलेज और सोसायटी के उद्यानों में वृक्षारोपण

# प्रकृति की छांव में शहर



*रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शहरभर में विविध आयोजन हुए। कहीं वृक्षारोपण किया गया तो कहीं इससे संबंधित कार्यशाला और प्रतियोगिता रखी गई। प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर सामाजिक संस्थाओं के सदस्य और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी भी इसका बने। प्रकृति की छांव पाने सभी अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाते नजर आए।*



### मुख्यमंत्री ने अपने निवास में लगाए नीम, रुद्राक्ष और चीकू

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय एवं परिवार जनों के साथ अपने निवास परिसर में चीकू, नीम और रुद्राक्ष का पौधा रोपा। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपने घरों में और आस-पास पौधा लगाने और पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी लेने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा, आने वाले मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं। डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल, एसडीओ व्हीएन मुखर्जी सहित मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### पृथ्वी की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

श्री रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा द्वारा पर्यावरण संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने कहा, पर्यावरण दिवस पर पृथ्वी की सुरक्षा और सरंक्षण को अपनी जिम्मेदारी की तरह निभाया जाना चाहिए। इस दौरान कुलपति प्रो. एस के सिंह, प्रतिकुलाधिपति हर्ष गौतम मुख्य रुप से उपस्थित रहे।



### पर्यावरण संतुलन के लिए करें व्यवहार परिवर्तन

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा नवीन विश्राम गृह, सिविल लाइन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय जलवायु परिवर्तन सदी की सबसे बड़ी चुनौती था। राज्य योजना आयोग के डॉ.के.सुब्रमणियम ने कहा, पर्यावरण संतुलन के लिए हमें अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाना होगा। पोस्टर प्रतियोगिता चार आयु वर्ग में रखी गई।



### मेडिकल स्टूडेंट्स ने रोपे पौधे

आंबेडकर अस्पताल परिसर एवं उद्यान में भी पौधारोपण किया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ.एसबीएस नेताम एवं रेडियोलॉजी विभाग के प्रो. डॉ. विवेक पात्रे के मार्गदर्शन में चिकित्सालय के कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बारिश के मौसम में परिसर की हरियाली को बरकरार रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने को कहा गया।

### पंडरी अस्पताल में वृक्षारोपण



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय और जिला अस्पताल पंडरी परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने दूषित होते पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। दोनों संस्थानों के अलावा जिले के तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में फलदार वृक्षों में नीबू, आंवला, इमली, एवं फूलदार वृक्षों में गुलाब, डेहरिया, रातरानी इसके अलावा छायादार वृक्षों में पीपल, बरगद, अशोक के पौधे लगाए गए।



### स्काउट-गाइड ने निकाली जागरुकता रैली

*देवेंद्र नगर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में स्काउट-गाइड एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण से रैली निकाली। छात्रों ने 'पेड़ लगाओ ,जीवन बचाओ' जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। शाला के प्राचार्य डॉ. फ्रेनी जय प्रकाश, केएस आचार्युलु, दामिनी नाग व अन्य उपस्थित रहे।*

### बच्चों ने लगाए आम और कटहल के 60 पौधे



*सुधा ओपन स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने शहर स्थित कई स्थानों पर आम, कटहल, अमरूद, कचनार, नीम और जामुन के 60 पौधे लगाए। वृक्षारोपण के साथ सोसाइटी सदस्यों को पौधे वितरित किए गए। कवि डॉ. सुरेंद्र दूबे, जीके भटनागर, अरविंद लधानी, भारती गंगाराम, खुशी यादव, डॉ. रमन श्रीवास्तव और मेघा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।*

### नव गुरुकुल में 'हरि शंकरी' पौधा



कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह व नगर निगम कनिश्नर अबिनाश मिश्रा ने नव गुरुकुल में हरि शंकरी का पौधा लगाया। पर्यावरण दिवस पर छात्राओं को शुभकामनाएं दी और सभी छात्रों के साथ मिलकर कलेक्टर तथा निगम कमिश्नर ने वृक्षारोपण किया। कलेक्टर ने नवगुरुकुल के युवाओं को हरि शंकरी के पौधे का महत्व बताया। वृक्षारोपण के दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा तथा उद्यान विभाग के प्रभारी सोहन गुप्ता भी उपस्थित रहे।

### साइंस सेंटर में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कार्यशाला



छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में बुधवार को 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' समर कैंप आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छग रीजनल साइंस सेंटर महानिदेशक एसएस बजाज रहे। मौजूदा विद्यार्थी एवं सेंटर के सदस्यों ने भी वृक्षारोपण किया। तीन दिवसीय बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट समर कैंप का प्रारंभ बुधवार से किया गया, जिसमें बच्चों को वेस्ट वस्तुओं से बेस्ट समान बनाने की प्रक्रिया बताई जाएगी। ताकि वस्तुओं का अधिक से अधिक से प्रयोग हो और कचरा ना फैले।



### प्रत्येक मानसून लगाएं सिर्फ दो पौधे

महाराष्ट्र मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी रखी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ.जेएस उरकुरकर सहित मंडल सदस्य इसमें शामिल हुए। मंडल के पर्यावरण समिति के अध्यक्ष अभय भागवतकर ने कहा, पिछले कुछ सालों में हमने जो पौधे लगाए थे, अब वो वृक्ष का रूप ले चुके हैं। प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक मानसून सिर्फ दो पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रख सकता है।

### निर्माणाधीन आवास में भी पौधारोपण



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन आवास परिसर में फलदार एवं छायादार वृक्षों का वितरण किया गया। इन पौधों को संरक्षित रखने की शपथ हितग्राहियों को दिलाई गई। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जनपद पंचायत के आवास शाखा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जंगल सफारी : कार्यशाला में बीज संरक्षण के टिप्स



पर्यटन मंत्रालय के नोडल कार्यालय, नंदनवन, जंगल सफारी और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी द्वारा प्राकृतिक पुनरुत्पादन एवं बीज संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन जंगल सफारी में किया गया। जिसमें 50 से अधिक स्वयंसेवक, पर्यावरण प्रेमियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. सतीश शर्मा द्वारा प्रतिभागियों के साथ पैदल यात्रा कर पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर प्राकृतिक प्रजनन की आकर्षक प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला गया। जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं और पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। नमिता मिश्रा ने बीज संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका पर व्यावहारिक निर्देश दिए।

### थीम आधारित प्रतियोगिता का हिस्सा बने बच्चे



छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कला केंद्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में 10 वर्ष तक के बच्चों से लेकर 16 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रथम वर्ग में प्रदूषण रोको पृथ्वी बचाओ, द्वितीय वर्ग प्लास्टिक प्रदूषण को हराना है, तृतीय वर्ग पारिस्थितिकी तंत्र का पुर्नोद्धार विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रिजनल ऑफिसर पीके रबड़े और वैज्ञानिक नवीन चंद्र मालवीय ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया।

## 16 जून से प्रारंभ हो रहा है प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र

# मौसमी फलों और सब्जी को शामिल करें लंच बॉक्स में शुरुआती बारिश के बाद भी ध्यान रखें डिहाइड्रेशन का

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक कलैंडर के अनुसार, प्रदेश में नया सत्र 16 जून से प्रारंभ होगा। रविवार होने के कारण 17 जून से प्रदेश के स्कूल खुलेंगे। नौतप्पा के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिलने लगी है, लेकिन सुबह से शाम तक उमस भरी गर्मी से माता-पिता की चिंता बढ़ गई है। बदलते मौसम के साथ बच्चों का ख्याल रखना चुनौतीपूर्ण है, जिसके लिए चिकित्सकों की राय महत्वपूर्ण है। स्कूल शुरु होने से पहले ही शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिली है। दुकानों में स्कूल बैग, रैन कोट, जूता, स्कूल ड्रेस, किताब, कम्पास, टिफिन बॉक्स नए डिजाइन में देखने को मिल रहे हैं। खरीदी के साथ चिकित्सकों ने भी अपनी ओर सावधानी बरतने को कहा है, ताकि छोटे बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित दिक्कत ना हो। शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार, बच्चों के लिए घर का खाना फायदेमंद है।



### पहनाएं कॉटन कपड़े, बोतल में दें ग्लूकोज पानी

आंबेडकर अस्पताल में असिस्टेंट प्रो. डॉ.रोली जैन ने बताया, बदलते मौसम में शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाना जरुरी है। स्कूल के दौरान साफ पानी बच्चों को दे। 1 से 2 बोटल पानी बच्चों को देने की कोशिश करें। ऐसे मौसम में कॉटन कपड़े पहनाएं, जिससे गर्मी का अहसास कम होगा। बच्चों के अच्छे डाइट का ध्यान रखें। इसमें टिफिन में मौसमी फल और सब्जी दें। साथ ही दही, छाछ, नारियल पानी, ओआरएस घोल और ग्लूकोज बच्चों को पिलाएं। इस मौसम में बच्चों को घर का सादा खाना परोसें और बाहर में तैयार खाने की वस्तुओं से दूर रखें।

### साफ-सफाई का विशेष ध्यान



डॉ.भीमराव आंबेडकर अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.ओमकार खंडवाल ने बताया, स्कूल बैग तैयार करने पर पानी का बोटल जरुर पैक करें। गर्मी अपेक्षाकृत कम होने पर भी जून माह में बच्चों को धूप से बचाएं। सिर को टोपी या कपड़ों से कवर कर भेजें। स्कूल जाने से पहले और आने के बाद आम का छाछ, नारियल पानी, सिकंजी, नीबू शरबत पिलाएं। सबसे महत्वपूर्ण है कि बच्चों की साफ-सफाई पर अधिक ध्यान दें।

### पेट इंफेक्शन की समस्या

जिला अस्पताल से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निलय मोझरकर ने बताया, इस मौसम में बच्चों को अधिक से अधिक इलेक्ट्रोलाइट वॉटर का सेवन कराएं। शाम को खेलने जाने से पहले टोपी या कॉटन के कपड़े से सर ढंकें। गर्मी से बरसात के दौरान बदलते मौसम के दौरान बच्चों के पेट में इंफेक्शन की समस्या निर्मित हो जाती है। जिससे बचाव के लिए घर का ताजा खाना बच्चों को खिलाएं और बाहर के खाने से दूर रखें। रोजाना बच्चों के टिफिन में अलग-अलग सब्जी व मौसमी फल दें। मौसमी फल खाने की आदत बच्चों में डालें। यह फायदेमंद होता है।

सिटी स्पोर्ट्स

## जिम में शोल्डर वर्क आउट करते हुए इन टिप्स को जरूर करें फॉलो



जिम में वर्कआउट करते हुए आप अपने शोल्डर को भी जरूर ट्रेन करते होंगे। हालांकि, शोल्डर वर्कआउट करते हुए बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए।

आज के समय में अधिकतर लोग अपनी बॉडी को एक बेहतर शेप देने के लिए जिम का रुख करते हैं। वर्कआउट करने के पीछे उनका उद्देश्य सिर्फ वजन कम करना ही नहीं होता है, बल्कि वे अपनी बॉडी को और भी ज्यादा आकर्षक बनाना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए हर बॉडी पार्ट पर काम करना जरूरी होता है। यही कारण है कि अधिकतर लोग जिम में सप्ताह में कम से कम एक दिन शोल्डर वर्कआउट जरूर करते हैं।

जब आप सही तरह से शोल्डर वर्कआउट करते हैं तो इससे आपकी शोल्डर मसल्स राउंडेड नजर आती हैं। हालांकि, जब आप शोल्डर वर्कआउट कर रहे हैं तो आपको स्ट्रेन्थ और स्टेबिलिटी दोनों पर फोकस करना चाहिए, जिससे आपको किसी तरह की इंजरी होने का खतरा कम हो जाए। अधिकतर लोग गलत तरह से शोल्डर वर्कआउट करते हैं और इसलिए वे खुद को चोटिल कर लेते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको शोल्डर वर्कआउट करते हुए ध्यान रखना चाहिए-

### सही तरह से करें वार्मअप



जब आप शोल्डर वर्कआउट कर रहे हैं तो आपको मसल्स में किसी तरह का खिंचाव या चोट ना आए, इसके लिए जरूरी है कि वार्मअप जरूर किया जाए। शोल्डर वर्कआउट से पहले आपको डायनेमिक स्ट्रेचिंग जैसे आर्म सर्कल, शोल्डर श्रग और आर्म स्विंग आदि करना चाहिए। इसके अलावा, अपने वर्कआउट के लिए भारी वजन को उठाने से पहले आप हल्के वजन से शुरुअत करें। इससे आपके शोल्डर की मसल्स भारी वजन उठाने के लिए तैयार हो पाती हैं।

कंधे की सभी मसल्स का करें वर्कआउट

यह भी एक जरूरी टिप है, जिसे अक्सर बिगनर नजरअंदाज कर देते हैं। जब आप वर्कआउट कर रहे हैं तो फ्रंट, साइड और रियर तीनों मसल्स पर काम करें। फ्रंट मसल्स के लिए फ्रंट रेज़ और ओवरहेड प्रेस जैसी एक्सरसाइज की जा सकती हैं। वहीं, साइड्स के लिए आप लेटरल रेजेस करें। ठीक इसी तरह रियर मसल्स के लिस रिवर्स फ्लाईज़ और बेंट-ओवर लेटरल रेज़ जैसे वर्कआउट किए जा सकते हैं।

### सही फॉर्म को करें मेंटेन

शोल्डर वर्कआउट करते हुए आपको अपने बॉडी फॉर्म का खासतौर पर ख्याल रखने की जरूरत होती है। एकदम बहुत अधिक वजन उठाने से बचें, क्योंकि इससे आपकी बॉडी फॉर्म खराब होती है। इसके अलावा, स्टेबिलिटी बनाए रखने के लिए अपने कोर को टाइट रखें। वर्कआउट के दौरान आप जिस मसल्स मांसपेशी पर काम कर रहे हैं, उस पर ध्यान केंद्रित करें। हर मूवमेंट के साथ अपने कंधों को सिकुड़ते और फैलते हुए महसूस करें। इससे आपको अधिक बेहतर रिजल्ट मिलेंगे।

### अलग-अलग इक्विपमेंट का करें इस्तेमाल



अमूमन लोग शोल्डर वर्कआउट करते हुए केवल डम्बल का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप जिम में शोल्डर वर्कआउट कर रहे हैं तो ऐसे में आप अलग-अलग इक्विपमेंट का इस्तेमाल करने की कोशिश करें। मसलन, डम्बल और बारबेल आपको रेंज ऑफ मोशन देते हैं। वहीं, शोल्डर प्रेस मशीनें स्टेबिलिटी प्रदान कर सकती हैं, इसलिए इन्हें बिगनर्स के लिए काफी अच्छा माना जाता है। वहीं, केबल किसी खास मसल्स का वर्कआउट करने के लिए अच्छा ऑप्शन हैं।

गर्मियों का मौसम पाचन के लिहाज से माना जाता है चुनौतीपूर्ण

# गर्मियों में बढ़ जाती हैं पाचन संबंधी कई समस्याएं, डॉक्टर ने बताए बचाव के उपाय

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी की समस्या सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकती है। उच्च तापमान के कारण हीट स्ट्रोक और निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) होने का खतरा रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मियों का ये मौसम पाचन स्वास्थ्य के लिए भी चुनौतीपूर्ण माना जाता है। बढ़ती गर्मी के साथ अपच, गैस, उल्टी, दस्त और पेट में दर्द से संबंधित समस्याओं का खतरा काफी बढ़ जाता है।

खराब आहार, शरीर में पानी की कमी और शरीर की अत्यधिक गर्मी जैसे कई कारक गर्मियों में पाचन समस्याओं का कारण बन सकते हैं। गर्मी के मौसम में पाचन क्रिया भी धीमी हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप कब्ज, एसिड रिफ्लक्स और फूड पॉइजनिंग के मामले बढ़ने लगते हैं। डॉक्टर कहते हैं, इस मौसम में सभी लोगों को पाचन को ठीक रखने के लिए उपाय करते रहना जरूरी है। कुछ आसान से उपायों की मदद से आप पाचन स्वास्थ्य से संबंधित विकारों को कम कर सकते हैं।





### पाचन विकारों का जोखिम

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित अस्पताल में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों के डॉक्टर राजीव सचान बताते हैं, अत्यधिक गर्मी आपके पाचन तंत्र पर भी नकारात्मक असर डाल सकती है। शरीर का निर्जलित होना आपके जोखिमों को और भी बढ़ा देती है। गर्मी के लंबे समय तक संपर्क में रहने से पेट में ऐंठन और दर्द की दिक्कत होने लगती है। इसके अलावा गर्मी के दिनों में भोजन के रखरखाव में बरती गई असावधानी के कारण फूड पॉइजनिंग हो सकती है। इस तरह की दिक्कतों से बचाव में कुछ उपाय मददगार हो सकते हैं।

### शरीर को रखें हाइड्रेटेड

गर्मियों में खूब मात्रा में पानी पीते रहना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है। पानी पीने से न सिर्फ आप डिहाइड्रेशन से बचते हैं साथ ही पाचन विकारों का जोखिम भी कम होता है। प्रतिदिन कम से कम 8 से 10 गिलास पिएं। इसके अलावा फलू के जूस, नारियल पानी और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशंस (ओआरएस) जैसे पेय भी पाचन से संबंधित समस्याओं से बचाने में मददगार हैं।

### स्वस्थ आहार जरूरी

जंक फूड और बासी चीजों के सेवन से बचना गर्मियों में सेहत को ठीक रखना जरूरी है। घर पर बना ताजा भोजन और फलों-सब्जियों को धोकर ही सेवन करें। फूड पॉइजनिंग की समस्या से बचे रहने के लिए लंबे समय तक रखे भोजन को न खाएं। गर्मियों में ज्यादा तली-भुनी चीजों के सेवन से भी बचना जरूरी है। गर्मी में भोजन जल्दी खराब हो जोते हैं और उनमें बैक्टीरिया के बढ़ने का खतरा रहता है जो खाद्य जनित बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

### थोड़ा-थोड़ा भोजन करें

गर्मी के दिनों में अपच और गैस की समस्या से बचे रहने के लिए एक साथ ज्यादा खाने से अच्छा है कि आप थोड़ा-थोड़ा भोजन करें। गर्मियों में भारी और तैलीय भोजन का पाचन कठिन हो सकता है, इसलिए अधिक मात्रा में तरल चीजों और कम मसाले वाली चीजें खाएं।



## हमेशा खुशियों से भरा रहता है ऐसा परिवार, सभी सदस्य करते हैं तरक्की

मुसीबत के समय ढाल और बिना लालच के अधिक प्यार, केवल परिवार करता है। इंसान भले कितना भी आधुनिक हो जाए पर संतुष्टि का अनुभव तो परिवार से ही मिलता है, बिना इसके जीवन जीने की कल्पना करना मुश्किल है

मुसीबत के समय ढाल और बिना लालच के अधिक प्यार, केवल परिवार करता है। इंसान भले कितना भी आधुनिक हो जाए पर संतुष्टि का अनुभव तो परिवार से ही मिलता है, बिना इसके जीवन जीने की कल्पना करना मुश्किल है। एक सुखी परिवार होने पर व्यक्ति हमेशा मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। यही नहीं उसकी समस्याओं में भी कमी आने लगती है। एक अच्छे परिवार से हमेशा अच्छे समाज का निर्माण होता है।

सुखी परिवार में रहने से कार्यों का वितरण आसान हो जाता है। घर के बच्चों को स्वास्थ्य पालन पोषण प्राप्त होता है, जो उनके विकास के लिए उचित होता है। आचार्य आणक्य ने अपने नीतिशास्त्र में सुखी परिवार के बारे में बताया है। चाणक्य नीति के अनुसार परिवार में खुशियां बनी रहने के लिए व्यक्ति को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। ये प्रयास सकारात्मकता का संचार करते हैं, जिससे जीवन में खुशियों का वास होता है। इसी कड़ी में आइए उस परिवार के बारे में जान लेते हैं, जहां हमेशा खुशहाली बनी रहती है।

ऐसे परिवार में हमेशा बनी रहती है सुख समृद्धि

परिवार में खुशियां बनी रहे इसके लिए व्यक्ति को सभी काम ईमानदारी से करने चाहिए। चाणक्य नीति के अनुसार जिस परिवार में सभी परिश्रम और ईमानदारी से धन कमाने वाले रहते हों, वहां हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ



ही ऐसे लोगों को समाज में भी सम्मान मिलता है। चाणक्य नीति के अनुसार जिस घर में जरूरतों का ध्यान रखते हुए पैसों को खर्च किया जाता है, वहां हमेशा खुशियां बनी रहती है। दरअसल, परिवार में सभी को धन के सही उपयोग का ज्ञान होना चाहिए, इससे जीवन में तरक्की के योग बनते हैं और भविष्य के लिए भी धन की बचत होती है।

चाणक्य के अनुसार जिस व्यक्ति के परिवार में पुत्र और पुत्रियां अच्छी बुद्धि से युक्त हों और पत्नी मृदुभाषिणी हो, वहां हमेशा खुशियां बनी रहती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।

किसी भी मकान को घर बनाने में एक महिला का बहुत बड़ा योगदान होता है। चाणक्य के अनुसार जिस घर की महिलाएं खुशियों के लिए निरंतर प्रयास करती है, वहां हमेशा खुशहाली बनी रहती है। साथ ही घर से सभी नकारात्मक ऊर्जा भी चली जाती है।

घर में मुखिया की भूमिका सबसे खास होती है। वह बिना किसी आलस के सभी की परेशानियों का हल करता है। जिस घर में मुखिया बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समान नियम कानून का निर्माण करता है, वहां हमेशा बरकत होती है।



## अचानक आ गए हैं मेहमान तो झटपट बनाएं ये पकवान



कई बार ऐसा होता है कि घर पर अचानक मेहमान आ जाते हैं, ऐसे में समझ नहीं आता कि उन्हें नाश्ते में क्या परोसा जाए। वैसे तो हर समय बाजार में कुछ ना कुछ आपको मिल ही जाता है लेकिन बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो बाजार का बना नाश्ता करना पसंद नहीं करते। बहुत से लोग तो अपने मेहमानों को रेडीमेड मिलने वाला नाश्ता की बजाय घर पर कुछ बनाकर खिलाना पसंद करते हैं।

**कटलेट** : आलू के कटलेट खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं। इसे सूजी या फिर ब्रेड क्रम्स में लपेट कर जब आप सेकेंगे तो ये और भी ज्यादा कुरकुरे बनेंने। चाय के साथ आप इसे परोस सकती हैं।

**स्प्रिंग रोल**- बाजार में स्प्रिंग रोल की शीट बनी बनाई मिल जाती हैं। इन शीट से आप तत्काल स्प्रिंग रोल तैयार कर सकती हैं। अगर आपके पास ज्यादा वक्त है तो सब्जियों की जगह आप इसमें नूडल्स बनाकर भर सकती हैं।

**वेज सैंडविच**: झटपट बनने वाली चीजों में वेज सैंडविच काफी सही विकल्प है। अगर आपका मन है तो आप इसे सेक भी सकती हैं। वरना ये मेयोनीज वाली सैंडविच खाने बिना सिके भी खाने में स्वादिष्ट लगती है।

**क्रिस्पी कॉर्न**: जिनके घर में बच्चे होते हैं, उनके घर में आपको कॉर्न मिल जाएंगे। ऐसे में जब कोई मेहमान आपके घर अचानक आ गया है तो आप उसे क्रिस्पी कॉर्न बनाकर खिला सकती हैं। कोल्ड ड्रिंक के साथ अगर आप इसे परोसेंगी तो लोग आपकी तारीफ जरूर करें।

**कोल्ड सलाद**: बच्चों को ये काफी पसंद आता है। इसमें आपको लगातार रसोई में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप इसे उबालकर पहले ठंडा करें और फिर अपने हिसाब से सब्जियां डालकर इस कोल्ड सलाद को तैयार करें। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है।

**पापड़ चाट** : हर घर में पापड़ तो आसानी से मिल ही जाता है। ऐसे में अगर आप कुछ फटाफट बनाना चाहती हैं तो पापड़ चाट एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## सुबह-सुबह जब मिलने लगे ये चार संकेत, तो समझ लें मां लक्ष्मी की बरसने वाली है कृपा



माना जाता है कि जिस भी व्यक्ति पर मां लक्ष्मी की कृपा होती है, उसे जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती है। साथ ही रुके हुए कार्यों को भी गति मिलती है और तरक्की के योग बनने लगते हैं। हर तीज त्योहार पर मां देवी की पूजा की जाती है, ताकि घर में उनका वास बना रहे।

किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत करने से पहले शंख बजाया जाता है। हिंदू धर्म में इसे बेहद शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि सुबह उठने के बाद शंख बजने की आवाज सुनाई दे, तो ये शुभ संकेत है। इसे मां लक्ष्मी के आगमन का संकेत माना जाता है।

हिंदू धर्म में हर तीज-त्योहार पर झाड़ू की पूजा की जाती है। इसमें मां लक्ष्मी का वास होता है। मान्यता है कि अगर सुबह के समय कोई झाड़ू लगाते दिखाई देता है, तो धन की देवी मां से जुड़ा संकेत माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के खानपान में अचानक से बदलाव आने लगे, तो इसे मां देवी का आगमन माना जाता है। ऐसे लोग धीरे-धीरे मांसाहारी भोजन व नशे से दूरी बना लेते है।


मां लक्ष्मी का वाहन उल्लू है, इसलिए उल्लू का दिखना शुभ संकेत होता है। कहा जाता है कि धन की देवी मां लक्ष्मी अपने आगमन से पहले सूचना दे रही हैं। यदि आपको उल्लू दिखाई दे, तो समझ जाएं मां लक्ष्मी मेहरबान होने वाली हैं।

## डेस्क जॉब करने वालों में अक्सर होती है विटामिन-डी की कमी, जरूर जानें दूर करने के उपाय

ह्यूमन बॉडी को 13 जरूरी विटामिन्स की आवश्यकता होती है, क्योंकि इनसे ही हमारी बॉडी सही से फंक्शन और ग्रोथ करती है। साथ ही साथ विटामिन्स शरीर में होने वाले कई कैमिकल रिएक्शन्स को एक्टिव करने में अहम रोल निभाते हैं। आज के समय में सबसे ज्यादा जिस विटामिन की कमी देखी जा रही है, वो है विटामिन-डी,भारत में लगभग 80 प्रतिशत लोगों में विटामिन-डी की कमी है। यह एक आश्चर्यजनक बात है, क्योंकि हमें लगभग पूरे साल पर्याप्त धूप मिलती है, फिर भी ये कमी देखी गई है।

आज इंसान पर्याप्त विटामिन-डी तो छोड़िए, पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, फाइबर भी नहीं ले पाता, तो आप सोच सकते हैं कि आपका शरीर कितने कम विटामिन-डी के लेवल पर सर्वाइव कर रहा है। बता दें कि आपके शरीर को कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के लिए विटामिन-डी की आवश्यकता होती है, नहीं तो आपको कई शारिरिक समस्याएं भी हो सकती हैं। यदि आप भी अपने शरीर में विटामिन-डी की कमी को दूर करना चाह रहे हैं, तो इन बातों को फॉलो कर सकते हैं।

### क्यों जरूरी है विटामिन-डी



विटामिन-डी एक अत्यंत महत्वपूर्ण विटामिन है जो आपके पूरे शरीर में कई प्रणालियों पर पॉवरफुल इफेक्ट डालता है। वहीं अन्य विटामिनों के विपरीत, विटामिन-डी एक हार्मोन की तरह काम करता है और आपके शरीर की हर एक कोशिका में इसके लिए एक रिसेप्टर होता है, जो कि इस विटामिन को वहां रिसीव करता है। जब आपकी स्किन सूरज की रोशनी के संपर्क में आती है, तो विटामिन-डी बनने लगता है।

ये विटामिन मछली, डेयरी प्रोडक्ट्स में भी पाया जाता है। इसकी शरीर में दैनिक खपत आमतौर पर 400-800 आईयू के आसपास होती है, लेकिन कई एक्सपर्ट्स का कहना है, आपको इस मात्रा से ज्यादा विटामिन-डी लेना चाहिए। वहीं विटामिन डी की कमी बहुत आम है और अनुमान के मुताबिक दुनिया में लगभग 1 बिलियन लोगों में इस विटामिन की कमी है। 2011 की एक स्टडी के मुताबिक, अमेरिका में 41.6% वयस्कों में इसकी कमी है।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वेडिंग रिंग के साथ दिखे 'द अकाउंटेंट' स्टार

हॉलीवुड के सुपरस्टार बेन एफ्लेक इन दिनों चर्चा में बने हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बेन एफ्लेक और उनकी सिंगर पत्नी जेनिफर



लोपेज के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अफवाहों का बाजार गर्म है कि दोनों तलाक लेने वाले हैं। वहीं इन सारी खबरों के बीच बेन और जेन की जोड़ी के दीवानों के लिए एक खुशबखबरी सामने आ रही है।

बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज की जोड़ी को हॉलीवुड में पॉवर कपल के रूप में लोग जानते हैं। दोनों की इस खूबसूरत जोड़ी के लाखों लोग दीवाने हैं। जब से बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज के बीच में दूरियों की खबर आई है उनके फैंस में काफी निराशा देखने को मिल रही है। पिछले दिनों कई इवेंट्स के दौरान बेन बिना शादी की अंगूठी के नजर आए थे। वहीं इन दिनों सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। उस तस्वीर में बेन शादी की अंगूठी पहने नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह तस्वीर बेन की आगामी फिल्म 'द आकउंटेंट 2' के सेट से वायरल हुई है। तस्वीर में बेन वेडिंग रिंग पहने नजर आ रहे हैं बेन एफ्लेक पिछले कई इवेंट्स में बिना शादी की अंगूठी के नजर आ रहे थे वहीं जेनिफर लोपेज अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान वेडिंग रिंग में स्पॉट की गई थीं। जेन और बेन के दीवानों को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर दोनों के बीच चल क्या रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दो सप्ताह पहले यह खबर आई थी कि अब बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज एक साथ नहीं रह रहे हैं। बेन जहां अपनी पूर्व पत्नी के घर के निकट अपने लिए किराए का मकान ढूंढ रहे थे वहीं जेनिफर भी अपने लिए एक घर तलाश रही थी। हालांकि अभी तक अलगाव की इन खबरों को लेकर दोनों में से किसी ने कोई बयान नहीं दिया है।

### टॉलीवुड

## हारमोनियम लिए 'इलैयाराजा' बने दिखे धनुष, साझा किया फिल्म का पोस्टर

सुपरस्टार धनुष अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी में हैं। अभिनेता ने आज अपनी



आगामी बायोपिक फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह मशहूर संगीतकार इलैयाराजा के किरदार को निभाते दिखेंगे। साउथ सुपरस्टार धनुष आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल में ही वह फिल्म 'कैप्टन मिलर' में नजर आए थे। अब वह जल्द ही मशहूर संगीतकार इलैयाराजा के बायोपिक में नजर आने वाले हैं। उनकी यह फिल्म तमिल इंडस्ट्री की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसके लिए लगातार हाइप बनी हुई है। अब इलैयाराजा के 81वें जन्मदिन पर अभिनेता ने फैंस को अपने किरदार की एक झलक दिखाई है। महान संगीतकार इलैयाराजा आज अपना 81वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस दिन को खास बनाते हुए अभिनेता ने फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया है। उन्होंने आज, 2 जून को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा,₹सिर्फ और एकमात्र इलैयाराजा को जन्मदिन की शुभकामनाएं₹। पोस्टर में धनुष अपने हारमोनियम के साथ भीड़ के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। वहीं, उनके पीछे उनका बैंड नजर आ रहा है। फैंस इस पोस्टर को देखने के बाद फिल्म के लिए काफी उत्साहित हो गए हैं। उन्होंने पोस्टर को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक फैन ने लिखा,₹धनुष आप सबसे बेहतरीन अभिनेता हो, इस फिल्म का अब और इंतजार नहीं कर सकता₹।

### भोजपुरी

## 'शुभ मंगल सावधान' ट्रेलर: सरकारी नौकरी वाला दूल्हा ढूंढ रहे तो रुकिए

भोजपुरी फिल्मों का बढ़ता क्रेज लोगों को इन फिल्मों के बेहद करीब लेकर जा रहा है। हर दिन कोई नई भोजपुरी फिल्म अनाउंस होती



है और लोगों में एक्साइटमेंट बढ़ जाती है। ऐसी ही फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो सरकारी नौकरी वाला लड़का ढूंढने वालों के लिए है। विक्टर एंटरटेनमेंट प्रस्तुत सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की अपकमिंग भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' का भव्य ट्रेलर आउट हो गया है। फिल्म का ट्रेलर बेहद एंटरटेनिंग है और यह समाज के उसे पहलू को उजागर करता है, जिसमें शादी के लिए लोग नौकरी वाले लड़के की तलाश करते हैं। इस फिल्म के निर्माता विक्टर राघव (विक्की) और संदीप छारी हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन सुजीत कुमार सिंह ने किया है। फिल्म का ट्रेलर वेब म्यूजिक के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म की मुख्य भूमिका में चिंटू के साथ संयोगिता की केमिस्ट्री लाजवाब नजर आ रही है जबकि फिल्म में यामिनी सिंह भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आने वाली हैं।

### लैटिन फैशन

लैटिन डिजाइनर के कलेक्शन दुनिया भर में तारीफ पाते हैं। इस साल, दो लातवियाई डिज़ाइनर प्रतिष्ठित हाइरेस इंटरनेशनल फ़ेस्टिवल फ़ैशन प्रतियोगिता के दस फ़ाइनलिस्ट में शामिल हैं। कलाकार मार्टा वेनबर्गा के सहयोग से बनाया लाइमा जुरका अपने कलेक्टिव ब्लैंकेट संग्रह के साथ और एलिना सिलिना, फ़ॉर सैली संग्रह के साथ इंटरनेशनल फ़ेस्टिवल ऑफ़ फ़ैशन में उतरे। प्रकृति के साथ तालमेल करते इन डिजाइनरों के कलेक्शन को भरपूर प्रोत्साहन मिला।




लाइफ स्टाइल

## शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान, खास दिन पर निखर उठेगा चेहरा

लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं।

इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है।

ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल का स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रुटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।



**गुलाब जल का करें इस्तेमाल:** गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

**हर रोज करें क्लींजर का इस्तेमाल:** चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

**चेहरे पर लगाएं ये क्रीम:** विटामिन ई फेस क्रीम के इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियां दूर होंगी। ये आपके चेहरे को नरिश करने का काम भी काफी अच्छे से करती है।

**फेशियल ऑयल:** अगर आपको ये समझ नहीं आता कि चेहरे के लिए आप किस तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं तो इसमें हम आपकी मदद करेंगे। दरअसल, टी ट्री प्युरिफाई फेशियल ऑयल चेहरे की कई परेशानियों को जड़ से खत्म करता है। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

**अच्छी क्वालिटी का फेसवॉश करें इस्तेमाल :** बाजार में आपको तमाम तरह के फेसवॉश उपलब्ध हो जाते हैं, लेकिन आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेसवॉश खरीदें और दिन में दो बार उसी का इस्तेमाल करें।

## नजर आना चाहती हैं सबसे अलग तो ये जॉर्जेट साड़ियां करें ट्राई





फैशन

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से एक परफेक्ट जॉर्जेट साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। साड़ी एवरग्रीन फैशन है और महिलाएं कई सारे मौकों को साड़ी वियर करना पसंद करती हैं। साड़ी में जहां महिलाएं स्टाइलिश नजर आती हैं तो वहीं खूबसूरत भी लगती हैं। मार्केट में आपको साड़ी कई सारे डिजाइन और कलर ऑप्शन में मिल जाएंगी लेकिन अगर आप सबसे अलग नजर आना चाहती हैं तो आप जॉर्जेट साड़ी भी वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाली जॉर्जेट साड़ियां दिखाएंगे जिन्हें आप किसी भी खास मौके पर वियर कर सकती हैं। वहीं इस तरह की साड़ी में जहां आप भीड़ से अलग नजर आएंगी तो वहीं आप स्टाइलिश भी लगेंगी।




**जॉर्जेट ज़री साड़ी:** अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की साड़ी वियर कर सकती हैं। ये साड़ी जॉर्जेट में है और पिंक कलर में हैं। वहीं इस तरह की साड़ी को पिंक या किसी और भी कलर के ब्लाउज के साथ पहना जा सकता है। वहीं इस साड़ी में जरी वर्क किया गया हैं और यह साड़ी आपको कई सारे कलर और डिजाइन में मिल जाएंगी जिन्हें आप किसी भी खास मौके पर वियर कर सकती हैं। वहीं इस साड़ी के साथ आप ज्वेलरी में चोकर और फुटवियर में हील्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप इस तरह की साड़ी 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंट जॉर्जेट साड़ी:** इन दिनों इस तरह की साड़ी काफी ट्रेंड में है और अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट साड़ी वियर कर सकती हैं।

## अगर आपकी हाइट है कम तो ये लेटेस्ट डिजाइंस वाले लहंगे करें ट्राई

शादी जैसे खास मौके पर अट्रैक्टिव लुक के लिए लहंगा बेस्ट ऑप्शन है लेकिन कई महिलाएं हाइट कम होने की वजह से लहंगा नहीं पहनती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वो समझती हैं कम हाइट होने की वजह से लहंगा उनके ऊपर सूट नहीं करेगा पर ऐसा नहीं हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले लहंगे दिखाने जा रहे हैं जिन्हें कम हाइट वाली महिलाएं शादी जैसे खास मौके पर वियर कर सकती हैं। वहीं इस तरह के लहंगे में जहां आप अट्रैक्टिव लगेंगी तो साथ ही भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

**ऑर्गेंजा लहंगा:** इन दिनों इस तरह का ऑर्गेंजा लहंगा काफी ट्रेंड में है और अगर आप अट्रैक्टिव और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप इस तरह का लहंगे का चुनाव कर सकती हैं। यह लहंगा ऑरेंज कलर में हैं और इसमें गोल्ड-टोन्ड एम्ब्रॉयडरी वर्क किया गया है। वहीं इस लहंगे के साथ आप मैचिंग झुमके पहन सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप हील्स या जुती वियर कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट के साथ न्यूड शेड मेकअप बेस्ट रहेगा। यह लहंगा आप ऑनलाइन ले सकती हैं



या फिर बाजार में भी इस तरह के लहंगे आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएंगे जिन्हें आप 1000 से 1500 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इसे भी पढ़ें :अलमारी में बंद पड़ा है शादी में पहना हुआ ब्राइडल लहंगा तो इस तरह से करें उसे स्टाइल, दिखेंगी स्टाइलिश

**नेट लहंगा:** यह लहंगा भी शॉर्ट हाइट वाली महिलाएं ट्राई कर सकती हैं। ओलिव कलर का ये लहंगा नेट में हैं और इस लहंगे में जरी वर्क किया हुआ है।

## बालों को लंबा और घना बनाएगा घर पर बनने वाला यह हेयर मास्क

क्या आपके बाल बहुत झड़ रहे हैं? बालों की ग्रोथ रूक गई है? हेयर फॉल के कारण बाल पतले और दोमुंहे हो गए हैं? अगर ऐसा है, तो आपको इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके पीछे शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी, स्ट्रेस, हार्मोनस इंबैलेंस, कुछ हेल्थ कंडीशन्स और बालं की सही देखभाल न करना, जैसे कारण हो सकते हैं। बालों की जड़ों को मजबूती देने के लिए, घर पर बने तेल और हेयर मास्क बहुत कारगर होते हैं। जी हां, महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स की जगह, अगर देसी चीजों का इस्तेमाल करें, तो इससे आपको ज्यादा फायदा मिल सकता है। इसके साथ ही, डाइट और हेल्दी रूटीन पर भी ध्यान देना जरूरी है। अगर आपक बाल बहुत अधिक झड़ रहे हैं, तो इसे नजरअंदाज न करें और डॉक्टर की सलाह लें। बालों को लंबा और घना बनाने पर घर पर 2 चीजों की मदद से आसानी से बनने वाला यह हेयर मास्क आपकी मदद कर सकता है। चलिए, आपको बताते हैं कि इसे कैसे बनाना है और इसके क्या फायदे हैं?



### बालों को लंबा-घना बनाने हेयर मास्क

बालों को लंबा और घना बनाने के लिए, आपको नारियल के तेल और केले से इस हेयर मास्क को बनाना है। नारियल में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। ये बालों और स्कैल्प को पोषण देते हैं और बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। इससे बालों की जड़ों को मॉइश्चर मिलता है और बाल मजबूत होते हैं। इतनी ही नहीं, यह हेयर डैमेज और डैंड्रफ को खत्म करने में मदद करता है। केले में पोटैशियम भरपूर मात्रा में होता है। इससे बालों को मजबूती मिलती है। केले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स बालों के लिए एक प्रोटेक्शन का काम करते हैं। इससे बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं और उनकी ग्रोथ बढ़ती है।

कार्नर न्यूज

### अब लड़कों के पास भी ढेर वैरायटी हैं फैशनेबल क्लोथ की

## आपकी वॉर्डरोब में होने चाहिए स्टाइलिश ट्राउजर्स, रूटीन के साथ-साथ पार्टी में भी आएंगे काम



स्टाइलिंग के मामले में पहले लड़कों के पास कम ऑप्शन्स होते थे। उनके पास घूम- फिरकर वहीं जींस, टी-शट्र्स और पैंट्स हुआ करती थीं। ज्यादा एक्सपेरिमेंट करना हो या पार्टी में अलग दिखना हो तो कोट-पैंट और कुर्ता-पायजामा। इनके अलावा उनके पास मिक्स एंड मैच के लिए कुछ खास नहीं होता था। मगर अब लड़कों के पास भी फैशनेबल क्लोथ की ढेर वैरायटी हैं।

केवल ट्राउजर्स में ही इतनी रेंज उपलब्ध है कि आप इन्हें कैजुअल और पार्टी वियर दोनों में पहन सकते हैं। आप अपने कंम्फर्ट और स्टाइल के अनुसार इनका चुनाव कर सकते हैं। वैसे तो ट्राउजर्स में इन दिनों चिनोज और स्लिम फिट पैंट्स काफी ट्रेंड में हैं, लेकिन इन्हें खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। जैसे- मेंस के लिए कौन-



से ट्राउजर्स बेस्ट हैं किस तरह के ट्राउजर्स ट्रेंड में हैं बॉडी टाइप के अनुसार कौन-सा ट्राउजर अच्छा है किस कलर के ट्राउजर लगते अच्छे हैं ट्राउजर की फिटिंग कैसे करें चेक

इन फैशन टिप्स को ध्यान में रखकर ट्राउजर्स लेने से न सिर्फ आपकी पर्सनैलिटी निखरेगी। बल्कि इससे आपको आरामदायक भी महसूस होगा। डेली यूज के लिए अमूमन लड़के डार्क कलर के ट्राउजर लेना पसंद करते हैं क्योंकि ये जल्दी गंदे नहीं होते। लेकिन पार्टी फंग्शन्स के लिए कुछ डिफरेंट ट्राउजर का होना जरूरी है। आज हम आपको कुछ ऐसे ही फैशन टिप्स के बारे में बताएंगे।

**चिनोज :** अगर आप कैजुअल पैंट्स पहनकर बोर हो चुके हैं और कुछ अलग ट्राई करना चाहते हैं तो चिनोज बेस्ट हैं। ये दिखने में ट्राउजर की तरह हैं लेकिन इनका बॉटम शेप स्लिम फिट है। इसलिए इसके साथ आप टी-शर्ट और शर्ट दोनों ही पहन सकते हैं।

अगर आप इन्हें फॉर्मल वियर की तरह पहनना चाहते हैं तो अपनी वॉर्डरोब में ब्लैक, नेवी ब्लू और डार्क ब्राउन कलर के चिनोज रखें। जबकि पार्टी में जाने या हैंगआउट पर निकलने के लिए इसमें आप पेस्टल शेड्स ले सकते हैं। इनमें आलिव ग्रीन, पीच और एक्वा कलर बेस्ट हैं।

**कॉड्र्स:** पुराने जमाने के एक्टर्स इस तरह के ट्राउजर्स पहनते थे। ये ट्राउजर नीचे हील तक को कवर करते हैं। ये मोटे कपड़े में होते हैं, इसलिए विंटर्स के लिए ये परफेक्ट हैं।

इन्हें धागों से बुना जाता है। साथ ही इनकी डिजाइनिंग अलग अंदाज में होती है। इसलिए इसे पहनने पर यूनीक लुक आता है।